# जॉब कार्ड के बाद भी मजबूर 'मनरेगा मजदूर'

**मजदूर दिवस पर विशेष**

## 2.16 लाख जॉब कार्डधारकों में से 3566 मजदूरों को मिला 100 दिन का काम

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जीवन यापन के लिए वरदान मानी जाने वाली मनरेगा भी मजदूरों को बाहर जाने से नहीं रोक पाई। स्थितियां और परिस्थितियां पूरी तरह प्रशासनिक शिथिलता का नमूना व्यक्त कर रही हैं। नतीजतन ग्रामीण व कृषि क्षेत्र के मजदूरों को काम उपलब्ध कराने के लिए केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा अपने लक्ष्य से भटक गई है। साल दर साल बढ़ते बजट के बावजूद मजदूरों को काम नहीं मिल पा रहा है। इससे मजदूरों को महानगरों को रूख करना पड़ रहा है।

जिले में मनरेगा के दो लाख 16 हजार 666 जॉब कार्ड धारक हैं, लेकिन बीते वित्तीय वर्ष में 3566 मजदूरों को ही 100 दिन का काम मिल सका। यह तब है जब पिछले वित्तीय वर्ष की अपेक्षा इस वित्तीय वर्ष में बजट बढ़ा दिया गया था। जिले के 15 ब्लाकों में निघासन सबसे पीछे हैं। हालांकि पसगवां ब्लाक की स्थित ठीक रही है। जॉब कार्ड धारकों को काम देने के लिए निर्धारित लक्ष्य में गोला 70 फीसदी, पलिया 80 फीसदी, धौरहरा 70 फीसदी, मितौली 80 फीसदी और बांकेगंज 60 फीसदी लक्ष्य को ही पा सका है। अधिकारियों की कोशिश के बाद कई ब्लाकों के अधिकांश मजदूरों को काम मिला, लेकिन फूलबेहड़, ईसानगर, मितौली, बेहजम, लखीमपुर, गोला सहित कई ब्लाकों के मजदूरों को काम की तलाश में महानगरों का रूख करना पड़ा है।



पसगवां ब्लाक क्षेत्र के गांव में सड़क किनारे नाले की खुदाई करते मनरेगा मजदूर (फाइल फोटो)

### नहीं मिल पा रहा 100 दिन काम



गांव साहूपुर के मिहीलाल का कहना है कि उसके पास जाब कार्ड है, लेकिन उसे काम नहीं मिल पा रहा है। जिससे वह दूसरी जगहों पर जाकर मजदूरी कर जीवन यापन करने को विवश है।

### जहां काम कम, वहां दिए गए नोटिस

जिन विकास खंडों में काम कम हुआ, उन विकास खंड अधिकारियों को नोटिस दिए गए हैं। इस वर्ष प्रत्येक जॉब कार्ड धारक को काम मिले, इसकी व्यवस्था की गई है।

**-संतोष कुमार त्रिपाठी, उपायुक्त- श्रम एवं रोजगार।**

### कुछ काम करना पसंद नहीं करते तो कुछ को नहीं मिल रहा काम

पसगवां। ब्लाक क्षेत्र कीअधिकांश ग्राम पंचायतों में तथ्य यह बयां कर रहे हैं कि जिनके जॉब कार्ड बने हैं, उनमें बहुत से काम ही नहीं करते हैं और जो करते हैं उन्हें सौ दिन का काम मिलता है। प्रधानों का कहना है कि 100 दिन का काम पूरा कराए जाने की जिम्मेदारी तय होती है। सवाल यह कि जो काम नहीं करते हैं, उनका क्या होता है, वे कैंसिल क्यों नहीं किए जाते? ग्राम पंचायत सल्लिया के सुनील कुमार, सुशील कुमार, सरोज, राजेश आदि का जाब कार्ड है लेकिन काम नहीं करते हैं। इनको आवास मिला था, तभी काम किया था। उसके बाद छोड़ दिया। बरखेरिया जाट के प्रदीप, सुमेर, चन्द्रिका, दाताराम, रामविलास, शिवरतन, छोटेलाल, विक्रम, समीम, सहूरअली आदि की भी यही स्थिति है। बहुत सी ग्राम पंचायतों में जाब कार्ड यहां होने के बाद भी वे अन्य राज्यों और सुदूर अंचलों में काम करने चले जाते हैं, इसलिए यहां काम नहीं करते हैं। ग्राम पंचायत बालदेवता के ग्राम मोहदियापुर के धनीराम और रामसरन का कहना है कि उन्हें 100 दिन का काम मिला।

# स्टाफ के वेशभूषा में न मिलने पर सीएमओ ने जताई नाराजगी

- सीएचसी बेहजम का किया औचक निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



सीएचसी बेहजम का निरीक्षण करते सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता।

**अमृत विचार:** सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता मंगलवार की सुबह करीब 11 बजे अचानक सीएचसी बेहजम पहुंचे। निरीक्षण के दौरान स्टाफ के निर्धारित वेशभूषा में न होने पर कड़ी नाराजगी जताई और उन्हें वेशभूषा में ही ड्यूटी पर रहने के निर्देश दिए।

सीएमओ ने इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी कक्ष व औषधि वितरण कक्ष का निरीक्षण किया। इसके बाद एएनएम और सीएचओ की चल रही बैठक में शामिल हुए। उनके साथ एसीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता भी मौजूद रहे। सीएमओ डॉ सन्तोष गुप्ता ने बताया कि कुछ स्टाफ निर्धारित वेशभूषा में नहीं था। उन्हें वेशभूषा में रहने की हिदायत दी गयी है। इमरजेंसी में पहुंच कर जीवन रक्षक दवाओं उपलब्धता आदि के बारे में सीएचसी अधीक्षक डॉ. अनिल वर्मा से जानकारी ली। टीकाकरण को लेकर समय पर फीडिंग करने और अपने-अपने क्षेत्र में डिव्यू लिस्ट के अनुसार सम्पूर्ण टीकाकरण कराने को कहा। साथ ही क्षय रोगियों के चिन्हीकरण के साथ ही पहले से चिन्हित मरीजों को दी जा रही दवा का लगातार सत्यापन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि क्षय रोगियों के लिए जिले में पर्याप्त दवाएं है। हीट वेव को लेकर स्कूली बच्चों के अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपने बच्चों के साथ पीने के पानी की बोतल अवश्य रखें। जरूरी हो तभी दोपहर में घर से बाहर निकले । इस दौरान डॉ. सुनील कुमार, डॉ. संदीप राजवंशी, डॉ. अतीक अहमद, डॉ. अपूर्वा, डॉ. सोनिया, अजित सिंह, मनोज कुमार सरिता वर्मा, रीता वर्मा, इफतकार खान, संदीप मिश्रा, यशेन्द्र श्रीवास्तव आदि रहे।

# नगरीय स्वास्थ्य केंद्र गोटैयाबाग का हाल, कबाड़ लग रहा अस्पताल

## एएनएम कक्ष के सामने बीयर की खाली बोतलों के ढेर, मुख्य द्वार पर भी बिखरा सामान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** मोहल्ला गोटैयाबाग की हरिजन बस्ती में नगरीय स्वास्थ्य केंद्र है, जिसमें गृहस्वामी का दखल स्टाफ के लिए मुश्किलें पैदा कर रहा है। आलम यह है कि एएनएम कमरे के सामने मकान मालिक द्वारा बीयर की दर्जनों खाली बोतलों का ढेर लगाया गया है, जबकि मुख्य दरवाजे के सामने घर का जर्जर कबाड़ लगा दिया है। इससे पूरा अस्पताल ही कबाड़ लगने लगा है। मकानमालिक के इस दखल को लेकर न तो तैनात स्टाफ संजीदा है और न ही विभागीय जिम्मेदार। हालांकि इससे यहां आने वाले मरीजों और तीमारदारों को काफी परेशानी होती है।

शहर में चार नगरीय स्वास्थ्य केंद्र संचालित हैं, जो सभी किराए के मकानों में हैं। तीन जगहों पर जहां सिर्फ अस्पताल चल रहा तो वहीं गोटैयाबाग की हरिजन बस्ती के नगरीय स्वास्थ्य केंद्र में टॉयलेट क्लीनर बनाने का काम किया जा रहा है। इसका निर्माण गृहस्वामी करवा रहे हैं। इसके लिए स्वास्थ्य केंद्र के एएनएम कमरे के सामने दर्जनों की संख्या में बीयर की खाली बोतलें इकठ्ठा है। बताते हैं कि टॉयलेट क्लीनर बनाकर इनमें पैक किया जाता है। इसके लिए इनमें तमाम केमिकल मिलाए जाते हैं, जिनकी दुर्गंध से एएनएम का कमरों में बैठना तक मुश्किल है। स्टाफ का कहना है कि टॉयलेट क्लीनिक में मिलाए जाने वाले एक केमिकल में इतनी तीक्ष्ण गंध उठती है कि दो मिनट बैठना मुश्किल हो जाता है।



हरिजन बस्ती स्थित नगरीय स्वास्थ्य केंद्र में एएनएम कक्ष के सामने बीयर की बोतलों का ढेर।



स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य द्वार के सामने गृहस्वामी का बिखरा सामान।

### निरीक्षण के दावे, फिर क्यों जिम्मेदार मूंदे हैं आंखें

विभागीय जिम्मेदार नगरीय स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण करने का दावा करते हैं। मगर, गोटैयाबाग की हरिजन बस्ती में स्थित नगरीय स्वास्थ्य केंद्र की हालत निरीक्षण के कागजी दावों की हकीकत बयां कर रही है। पिछले काफी दिनों से मुख्य गेट के सामने जहां कबाड इकठ्ठा है तो वहीं एएनएम के कमरे के सामने बियर की बोतलों से लेकर अन्य सामग्री। इस तरह इकठ्ठा कबाड़ आदि जिम्मेदारों के निरीक्षण की पोल खोल रहे हैं।

नगरीय स्वास्थ्य केंद्र किराए के भवन में संचालित हैं। निर्धारित भवन का हर माह विभाग किराया देता है। यदि परिसर में गृहस्वामी का दखल है तो वह गलत है। इस संबंध में स्टाफ ने जानकारी भी नहीं दी। मंगलवार को स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर मामले की जानकारी कर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

**-डॉ. अमितेश दत्त द्विवेदी, नोडल अफसर नगरीय स्वास्थ्य केंद्र।**

# झोलाछाप डॉक्टर के गलत इलाज से वृद्ध की मौत

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचार:** झोला छाप डॉक्टर के गलत इलाज से एक वृद्ध की मौत हो गई। परिवार वालों ने पहले आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई, लेकिन बाद में पोस्टमार्टम और कार्रवाई कराने से इंकार कर दिया। इस पर पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव परिवार वालों को सौंप दिया।

मझगई थाना क्षेत्र के गांव सुर्जी पुरवा निवासी कल्लू (60) पुत्र नंदलाल के पेट में फोड़ा निकल आया था। तीन अप्रैल को घर वालों ने बम्हनपुर के एक झोलाछाप डॉक्टर के यहां फोड़े का ऑपरेशन कराया। आरोप है कि डाक्टर ने घाव को खुला छोड़ दिया, जिससे पेट में इन्फेक्शन फैल गया। कल्लू की हालत खराब होने पर परिजन उसे राममूर्ति मेडिकल कॉलेज भोजीपुरा बरेली ले गए थे, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के पुत्र बृजेंद्र की तहरीर पर मझगई पुलिस ने झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ धारा 304 ए के तहत रिपोर्ट दर्ज कर डॉक्टर को हिरासत में ले लिया। इसके बाद कुछ लोग मामले को मैनेज करने में जुट गए। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। थानाध्यक्ष पुष्पराज कुशवाहा ने बताया कि बेटे की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई थी, लेकिन परिजनों ने अब शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया है। अब वे कोई कार्रवाई नहीं चाहते है। डॉक्टर को पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया।

### 16 ग्राम नशीले पदार्थ सहित नेपाली युवक गिरफ्तार

**संवाददाता, संपूर्णानगर, अमृत विचार :** थाना सम्पूर्णानगर पुलिस ने एक नेपाली युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 16 ग्राम अल्प्राजोलम पाउडर बरामद होने का दावा किया है। एसआई अमरपाल ने बताया कि पुलिस ने मंगलवार को क्षेत्र के ग्राम रानीनगर कॉलोनी के मजरा मिलन बाजार से बसई मार्ग पर आर्यन सिंह राना पुत्र जयराम सिंह राना निवासी मनेहरा वार्ड 7, जिला धनगढ़ी, नेपाल राष्ट्र को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 16 ग्राम अल्प्राजोलम मादक पदार्थ बरामद हुआ। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी का चालान भेजा है।

## सार-संक्षेप

### डीएम-एसपी ने जिला जेल का किया औचक निरीक्षण



जिला कारागार का निरीक्षण करते डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा।

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** डीएम महेंद्र बहादुर सिंह और एसपी गणेश प्रसाद साहा मंगलवार को अचानक जिला जेल पहुंच गए। इससे जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। दोनों अफसरों ने निरीक्षण कर बंदियों की बैरकों की तलाशी कराई, लेकिन कोई आपत्ति जनक सामग्री नहीं मिली। डीएम-एसपी ने पुरुष बैरक, महिला बैरक, मेस, अस्पताल आदि बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। बंदियों से भी पूछताछ की और उनकी समस्याएं जानी। कारागार की साफ-सफाई के साथ अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। जेल अधीक्षक पीडी सलोनिया को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

### सर्विलांस सेल ने बरामद किए खोए मोबाइल



बरामद मोबाइलों के साथ मौजूद मोबाइल धारक।

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** सर्विलांस सेल ने लोगों के खोए 07 लाख 60 हजार रुपये के मोबाइल बरामद किए। जिन्हें मोबाइल धारकों को बुलाकर उन्हें सौंप दिया गया। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने बताया कि अलग-अलग दिनों में लोगों ने शिकायती पत्र दिया था कि उनके मोबाइल खो गए हैं, जिन्हें बरामद करने के लिए क्राइम ब्रांच की सर्विलांस सेल की टीम को लगाया गया था। टीम ने कुल 55 लोगों के मोबाइल बरामद किए हैं। बरामद मोबाइलों की कीमत करीब 07 लाख 60 हजार रुपये है। मोबाइल धारकों को बुलाकर उन्हें मोबाइल सौंप दिए गए हैं।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से दो बाइक सवार घायल

**पसगवां, अमृत विचार :** लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर जंगबहादुरगंज में पुलिस बैरियर के निकट अज्ञात ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक और उसका साथी घायल हो गया। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना सोमवार की रात 08 :30 बजे की है। हरदोई के थाना पिहानी के ग्राम हरिहरपुर निवासी गुड्डू गुप्ता (32) पुत्र रामपाल गुप्ता, सूरज सिंह (40) पुत्र मानिक सिंह बाइक से जंगबहादुरगंज जा रहे थे। पुलिस बैरियर के निकट अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली से उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को पसगवां सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने दोनों को शाहजहांपुर जिला अस्पताल भेजा है।

### नशेड़ियों के जमघट से लोग परेशान

**संवाददाता, भीरा, अमृत विचार :** नगर में हाईवे किनारे स्थित चाय और खाने-पीने के होटलों पर शाम होते ही नशेड़ियों का जमघट लग जाता है। इससे खासतौर पर महिलाओं को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। नगर से निकला पलिया मार्ग प्रमुख मार्ग है। इस मार्ग पर काफी भीड़भाड़ रहती है। मुख्य चौराहे के निकट अंग्रेजी, देसी व बियर की दुकानें हैं, जिनके आसपास होटलों और खान-पान की दुकानों पर शाम होते ही नशेड़ियों की भीड़ जुट जाती है। शराब पीने के बाद आपस में गाली गलौज करने लगते हैं। इससे सबसे ज्यादा दिक्कत आने-जाने वाली महिलाओं को होती है। वहीं हादसे की भी आशंका बनी रहती है। इस मुख्य चौराहे के पास दिल्ली, हरियाणा पंजाब आदि स्थानों से आने-जाने वाले यात्री बसों की प्रतीक्षा करते हैं। नशेड़ियों के हुड़दंग मचाने से उनका बैठना मुश्किल होता है। कस्बे के लोगों ने थानाध्यक्ष से कार्रवाई की मांग की है।

### मां सर्वेश्वरी ब्रह्मनिष्ठालय में आज होंगे तीन कार्यक्रम

**संवाददाता, मैलानी, अमृत विचार :** मैलानी रेलवे जंक्शन के क़रीब, अघोरी परंपरा का, एक जाना माना स्थान मां सर्वेश्वरी ब्रह्मनिष्ठालय पर पहली मई को तीन महत्वपूर्ण कार्यक्रम होगे। भारत में अघोर परंपरा के सर्वमान्य अधिष्ठाता आचार्य ईष्ट अघोराचार्य महाराजश्री बाबा कीनाराम जी की मूर्ति का बहुप्रतीक्षित अनावरण होगा। वर्तमान में अघोर के सर्वमान्य आचार्य अधिष्ठाता ईष्ट अघोराचार्य महाराजश्री बाबा सिद्धार्थ गौतम राम जी का अवतरण दिवस होने से सेवा संस्थान वाराणसी की महिला मण्डल शाखा के सौजन्य से दहेज रहित विवाह के तहत दो कन्याओं का वैवाहिक कार्यक्रम भी होगा। उम्मीद जताई जा रही है कि इस दिन अघोर परंपरा के साधु, साधकों के अलावा बड़ी संख्या में अघोर अनुयायियों का आगमन मां सर्वेश्वरी ब्रह्मनिष्ठालय में होगा।

### छह जुआरियों से 29 हजार रुपए बरामद

**पसगवां, अमृत विचार :** पुलिस ने ग्राम इमलिया के निकट गोमती नदी मेला बाग में जुआ खेल रहे छह लोगों को गिरफ्तार किया है। फड़ और जामा तलाशी में 29 हजार 130 रुपए बरामद किए हैं । पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार जुआरियों में थाना मैगलगंज के नई बस्ती खखरा निवासी योगेंद्र, पसगवां थाना क्षेत्र के ग्राम सल्लिया निवासी रामगोविन्द, मकसूदपुर निवासी प्रदीप कुमार वर्मा, नकटी निवासी सोहन, पिपरा ग्रंट निवासी इब्बन और जिला सीतापुर के थाना पिसावां के ग्राम नेरी भरिगावां निवासी गोविन्द शामिल हैं।

### सीएचसी पर होगी ईसीजी जांच

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि सीएचसी पर ईसीजी जांच की सुविधा लोगों को मिलेगी। इसकी सुविधा ब्लाकवार सीएचसी पर शुरू होगी। सबसे पहले सीएचसी मोहम्मदी और पलिया में यह सुविधा शुरू कर दी गई है। इसके बाद निघासन और मितौली पर इसकी शुरुआत होगी ।इसके बाद धौरहरा आदि पर ईसीजी जांच की सुविधा शुरू होगी। सीएमओ ने बताया कि ईसीजी जांच के लिए उपकरण खरीदे जा रहे। साथ ही कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# पटाखे की चिंगारी से लगी आग, सात घर खाक



गांव मदनापुर में आग से जले घर। अमृत विचार

**संवाददाता, निघासन, अमृत विचार :** थाना निघासन क्षेत्र के गांव मदनापुर में सोमवार की देर शाम आतिशबाजी के दौरान आग लग गई, जिससे सात घर और उनमें रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड ने आग बुझाई। गांव मदनापुर निवासी ध्रुव गुप्ता के पुत्र का सोमवार को अन्नप्राशन था। उसके बाद शाम को गांव वालों की दावत थी। अन्नप्राशन की खुशी में आतिशबाजी की जा रही थी। इसी बीच पटाखे की चिंगारी पड़ोस के बुद्धा के छप्पर पर जा गिरी। हवा तेज चलने के कारण पल भर में ही आग भड़क उठी। छप्पर से धुआं उठते देख हड़कंप मच गया। तेज हवाओं के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया और पड़ोस के राम विलास, श्यामू, भगवती, रघुराई पत्नी वेला, चुन्ना व दयाराम समेत सात लोगों के घर जलकर राख हो गए। घरों में रखा राशन, कपड़ा, चारपाई, बिस्तर समेत सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड ने जैसे-तैसे आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में सबसे ज्यादा नुकसान ध्रुव के चाचा दयाराम का हुआ है।

# दुष्कर्म की नहीं, छुपकर वीडियो बनाने की लगाई धारा

**फॉलोअप**

- फूलबेहड़ पुलिस का कारनामा, नहाते समय दिव्यांग महिला की बनाई थी अश्लील वीडियो
- धमकाकर पांच महीने से कर रहा था दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** नहाते समय अश्लील वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी देकर दिव्यांग महिला से दुष्कर्म करने के मामले में थाना फूलबेहड़ पुलिस ने बड़ा खेल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ वीडियो बनाने और धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज की है। इससे महिला अपराधों को लेकर पुलिस एक बार फिर कटघरे में खड़ी हो गई है।

थाना फूलबेहड़ की एक दिव्यांग महिला सोमवार को एसपी गणेश प्रसाद साहा से मिली थी। उसका कहना था कि वह अपने घर में खरफूस की टटिया से बनाए गए बाथरूम में 12 दिसंबर 2023 को स्नान कर रही थी। इसी बीच गांव के ही उत्तम ने चोरी से उसका नहाते हुए अश्लील वीडियो बना लिया। बाद में उसे वीडियो दिखाया। उसने जब वीडियो डिलीट करने का दबाव बनाया तो आरोपी ने अगले दिन शाम करीब आठ बजे घर के बगल वाली गली में बुलाकर दुष्कर्म किया। कहीं शिकायत करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी थी। इसका फायदा उठाते हुए आरोपी तब से उसका लगातार शारीरिक शोषण करता चला आ रहा है। आरोपी की हरकतों से परेशान होकर उसने 07 अप्रैल 24 को थाना फूलबेहड़ पुलिस को तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। 14 अप्रैल को सीओ को प्रार्थना पत्र दिया। सीओ के आदेश पर पुलिस ने उसे रविवार को थाने पर बुलाया। जब वह अपने पति के साथ थाने गई तो पुलिस उस पर तहरीर बदलने का दबाव बनाने लगी। उसने तहरीर बदलने से मना कर दिया और विरोध किया तो पुलिस वालों ने उसे और उसके पति को मारा-पीटा। उसके जबरन सादे कागज पर दस्तखत करवा लिए और धक्का देकर भगा दिया था। मामला तूल पकड़ने पर थाना फूलबेहड़ पुलिस ने आरोपी उत्तम के खिलाफ रिपोर्ट तो दर्ज की, लेकिन खेल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 354 ग और धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कर इतिश्री कर ली।

### पीड़िता बोली, पुलिस ने तहरीर बदलकर लिखी रिपोर्ट

**लखीमपुर खीरी।** दुष्कर्म पीड़ित महिला दर्ज की गई रिपोर्ट से संतुष्ट नहीं है। महिला ने बताया कि पुलिस को उसने जो तहरीर दी थी। उस पर रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। पुलिस ने धमकाकर जबरन उसके सादे कागज पर दस्तखत कराए थे। उसे आशंका है कि उसी कागज पर मनमानी तहरीर लिखकर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। वह इसकी शिकायत मुख्यमंत्री और महिला आयोग से भी करेगी।

> पीड़िता ने जो तहरीर दी थी, उसी के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। विवेचना की जा रही है। पीड़िता के बयानों के आधार पर दुष्कर्म की धारा बढ़ाई जाएगी। **-आलोक धीमान प्रभारी निरीक्षक, फूलबेहड़**

**मेला पुलिस की अनदेखी** रूट डायवर्जन प्लान की भी अनदेखी, भीड़ के बाद भी धड़ल्ले से मेले में जाते हैं दुपहिया

# ई-रिक्शा और आड़ी-तिरछी खड़ी बाइकों से व्यवस्था चौपट

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** चैती मेला में लोगों को कोई दिक्कत न हो, इसके लिए रूट डायवर्जन प्लान बनाया गया था। साथ ही मेले में बाइक आदि न जा सके, इसकी भी व्यवस्था की गई थी, लेकिन मेला पुलिस की अनदेखी से यह व्यवस्था चौपट हो गई और मेले में जा रहे दोपहिया वाहनों के कारण लोगों को परेशानी हो रही है। यही नहीं मेले में जहां आड़ी तिरछी बाइकें खड़ी रहती हैं, वहीं मेला रूट पर ई-रिक्शा से जाम लगा रहता है।

चैती मेला रूट प्लान बनाकर तय हुआ था कि 15 दिनों तक डायवर्जन किया जाएगा। इसके तहत खुटार की दिशा से आने वाले वाहनों को विकास चौराहा होते हुए चीनी मिल ट्रक यार्ड में पार्किंग कराई जानी थी। मोहम्मदी और लखीमपुर की तरफ से आने वाले वाहनों को पुराने मिल बाईपास, विकास चौराहा होते हुए चीनी मिल ट्रक यार्ड में पार्क कराए जाने थे। अलीगंज की तरफ से आने वाले वाहनों को कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में पार्क कराए जाने थे। शाम के समय रोडवेज की बसें सदर चौराहे से होकर नहीं निकलनी थीं। यह सब तय होने के बाद भी किसी भी नियमों पर अमल नहीं कराया जा रहा है। रोक के बावजूद भी भारी वाहन नगर में धड़ल्ले से आते जाते देखे जा सकते हैं। मंगलवार को एक ओवर लोड ट्रक अशोक चौराहा पहुंच गया और सजावट वाली झालर खींच ले गया। गनीमत रही कि कोई दुर्घटना नहीं हुई।

**अस्थाई पुलिस चौकी, फिर भी मेले में बाइक व साइकिल सवार :** मेला में सुरक्षा व्यवस्था के लिए अस्थाई मेला चौकी की स्थापना की गई है। इसके बाद भी बाइक और साइकिल सवार मेले में विचरण करते रहते हैं। जो दुकानों और झूलों के सामने बाइक, साइकिल खड़ी करने से जाम का सबब बन रहे हैं। ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मी उन्हें टोकते तक नहीं हैं।



मेला चैती के मुख्य गेट पर खड़े ई-रिक्शा, आने-जाने वालों को होती रही दिक्कत।



मेला चैती के मुख्य गेट पर खड़े ई-रिक्शा, आने-जाने वालों को होती रही दिक्कत।

### लोग बोले, यातायात व्यवस्था पर किसी का ध्यान नहीं

नगर निवासी रमेश कुमार, दिनेश कुमार, नवीन गुप्ता, स्वामी दयाल आदि का कहना है कि मेले के समय भी यातायात व्यवस्था पर किसी का ध्यान नहीं है। हर रोज नगर में जाम की स्थिति बनी रहती है। जो लोग चैती मेला देखने आते हैं वह अपना वाहन कहीं भी किसी भी जगह खड़ा कर देते है, जिससे जाम लग जाती है। शाम के समय अलीगंज रोड और मिल रोड पर निकलना मुश्किल हो जाता है।

### इस वजह से रहती है वाहनों की आवाजाही

अलीगंज रोड पर रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, कृषि उत्पादन मंडी समिति कार्यालय हैं, जिस कारण वाहनों की आवाजाही लगी रहती है। यात्रियों का कहना है कि वाहन गलत ढंग से खड़े कर दिए जाने से बहुत दिक्कत हो रही है। रविवार की रात सिनेमा चौराहे से सदर चौराहे तक पहुंचने में काफी समय लग गया। लोग परेशान होते रहे। पुलिस का जवान दूर दूर तक नजर नहीं आया।

> यातायात पुलिस की ड्यूटी शाम आठ बजे तक रहती है, उसके बाद थाना पुलिस की जिम्मेदारी सुरक्षा और यातायात व्यवस्था की है। यातायात पुलिस के मात्र दो कर्मचारियों की तैनाती होने से एक आरक्षी को अशोक चौराहा, दूसरे को सीओ आफिस वाली गली में लगाया गया है। ट्रेन आने के समय इन्हीं मे से एक आरक्षी को रेलवे क्रासिंग पर भेजना पड़ता है।
>
> **- योगेंद्र यादव, यातायात निरीक्षक गोला गोकर्णनाथ।**

# सांस्कृतिक मंच पर कवियों ने बिखेरे विभिन्न विधाओं के रंग

**चैती मेला**

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** छोटी काशी के ऐतिहासिक चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में कवियों ने विभिन्न विधाओं में काव्य पाठ कर महफिल में वीर, हास्य, करुण श्रृंगार रस बिखेरकर दर्शकों का मनोरंजन किया है।

अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि एसडीएम न्यायिक मधुसूदन गुप्ता, विशिष्ट अतिथि डॉ आशुतोष गुप्ता, कोतवाली निरीक्षक इन्द्रजीत सिंह, नायब तहसीलदार सर्वेश यादव, विद्यालय प्रबंधक प्रधानाचार्य कल्याण समिति प्रदेश



चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर काव्यपाठ करते कवि।

महामंत्री शैलेन्द्र सक्सेना, कार्यक्रम अध्यक्ष तहसीलदार सुखवीर सिंह और नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

श्रृंगार रस की नई दिल्ली की कवयित्री.डॉ कीर्ति काले ने मातृ पितृ भक्ति कुछ यूं बयां की- अयोध्या में अगर ढूंढोंगे तो श्रीराम मिलते हैं। जो वृंदावन में ढूढोंगे तो फिर घनश्याम मिलते हैं।। अगर काशी में ढूढ़ोंगे तो भोलेनाथ मिल जाएं। मगर मां बाप के चरणों में चारों धाम मिलते हैं।। फरीदाबाद के डॉ दिनेश रघुवंशी ने श्रंगार रस का गीत पढ़ा- दिल में उल्फत संभाल के रखना, ये इबादत संभाल कर रखना। लोग नफरत संभाले बैठे हैं, तू मोहब्बत संभालकर रखना।। गाजियाबाद के हास्य रस के कवि खुशाल कौशलेन्द्र ने यों कहा- खुशी सुख चैन अब सबे घराने में नहीं मिलती। सुकूं की पिंडगी हमारे दुकानों में नहीं मिलती।। बहुत अनमोल दौलत है दुआ ले लो बुजुर्गों की। ये वो दौलत है जो सबको ख्वाबों में नहीं मिलती।। मेरठ के अजहर इकबाल ने आधुनिकता का चित्रण किया।

हास्य एवं व्यंग्य दिल्ली के कवि डॉ प्रवीन शुक्ल ने अपने कविताएं पेश की। सुदीप भोला जबलपुर ने मोबाइल के दुष्परिणाम गिनाए। दिव्या मीरा ने श्रृंगार गीत पढ़ा। डॉ. हरिओम पवार ने वीर रस में काव्यपाठ किया। सांस्कृतिक मंच का संचालन करते हुए मेला प्रभारी मोहित गिरि ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान दीपक पुरी, नीरज चौहान, अवधेश मिश्र, गौरव ज्ञान त्रिपाठी, राजेश राठौर, शिवम् भारती, रामसिंह, अवधेश कुमार, आशुतोष शुक्ला, प्रेमप्रकाश पाठक, ऋषि कुमार, रितेश कुमार, अरविंद कुमार, मोहित अवस्थी, विमलेश वर्मा, आदि मौजूद रहे।

### सांस्कृतिक मंच से आचार संहिता की उड़ीं धज्जियां

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में हो रहे ऐतिहासिक चैती मेले में हुए अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में आदर्श आचार संहिता की जमकर धज्जियां उड़ाई गईं, जबकि इस कार्यक्रम में कई अधिकारी मौजूद रहे। चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर हुए अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि एसडीएम न्यायिक मधुसूदन गुप्ता, विशिष्ट अतिथि कोतवाल इंद्रजीत सिंह, नायब तहसीलदार सर्वेश यादव, कार्यक्रम अध्यक्ष तहसीलदार सुखवीर सिंह रहे। कवि सम्मेलन के .संयोजक लखीमपुर खीरी के आशीष अनल ने पढ़ा–आओ मैं सुनाऊं तुम्हे जनता का मन, शायद तुम्हार भी हो इसमें कथन। माना कहीं कहीं थोड़ा अलगाव था, महंगाई के मुद्दे पे भी चढ़ा ताव था। किंतु सारी कमियों को माफ कर दिया, बाकी 22 जनवरी ने साफ कर दिया। झंडा फिर फहरायेगा तो मोदी ही, मानो या न मानो आयेगा तो मोदी ही। जब संयोजक की इन पंक्तियां पर दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों ने तालियां बजाई तो कवियों ने एहसास किया कि भाजपा की सरकार में भाजपा के ही पालिकाध्यक्ष हैं। यहां के श्रोता यही सुनना चाहते हैं तो कवियों ने राजनीतिक दलों पर कटाक्ष करते हुए एक विशेष पार्टी के लिए काव्य पाठ किया जिसकी प्रबुद्ध वर्ग में चर्चा होती रही। लोग इसे आचार संहिता का उल्लंघन मान रहे हैं।

# बसपा प्रत्याशी अंशय कालरा ने किया जनसंपर्क


जनसंपर्क करते बसपा प्रत्याशी। अमृत विचार

लखीमपुर खीरी।

**अमृत विचारः** खीरी लोकसभा से आगामी चुनाव के लिए बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार अंशय कालरा ने लोकसभा क्षेत्र के राजपुर, पटियापुर चक, अंबेडकर नगर, सुमेरनगर कॉलोनी, रानीनगर कॉलोनी, कमलापुरी और बहादुरनगर में जनसंपर्क किया। उन्होंने लोगों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुलझाने का आश्वासन दिया।

जनसंपर्क के दौरान कहा कि बहुजन समाज पार्टी की आदर्श और धारणा है कि समाज के सभी वर्गों को समान अधिकार और संरक्षण मिले। यह पार्टी बाबा साहब आंबेडकर और महात्मा फुले जैसे महान व्यक्तियों के मूल्यों और विचारों का पालन करती है, जिनका मुख्य उद्देश्य समाज में न्याय और समानता की स्थापना है। बसपा उम्मीदवार का लक्ष्य है समर्थन प्राप्त करके समाज के हर वर्ग की आवाज को सुनना और उनकी समस्याओं का समाधान करना।

### जो दिव्यांग हित की बात करेगा उसी को करेंगे वोट

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** भारतीय दिव्यांग यूनियन के पदाधिकारियों ने बैठक कर निर्णय लिया है कि जो राजनीतिक दल दिव्यांगों को शासकीय सुविधाएं दिलाने का वादा करेगा उसी के पक्ष मे मतदान करेंगे। विकास खंड कुंभी गोला परिसर में हुई बैठक में दिव्यांग यूनियन के तहसील अध्यक्ष विकास कुमार ने कहा कि जिले में लगभग 25 हजार दिव्यांग मतदाता हैं। भारतीय दिव्यांग यूनियन ने यह निर्णय लिया है कि जो भी प्रत्याशी दिव्यांगों की समस्याओं को सुनेगा और किया वादा पूरा करेगा। उसी प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करेंगे। बैठक में मिथिलेश कुमार, परवेज अली, अमित कुमार, संजेश कुमार, मोफिज, राजेश मौर्य, द्राकपाल, शंकरलाल, रामनरेश, रजनीश, बबलू आदि मौजूद रहे।

# शराब के लिए रुपये न देने पर बेटे ने पिता को पीट-पीटकर मार डाला

## जिला अस्पताल में चल रहा था इलाज, लखनऊ ले जाते समय तोड़ा दम, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, निघासन (खीरी)

**अमृत विचारः** शराब पीने के लिए रुपये देने से इंकार करने पर चार दिन पहले भड़के बेटे ने अपने पिता की लोहे की रॉड से जमकर पिटाई कर दी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिवार वालों ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां से हालत में सुधार न होने सोमवार की देर शाम उन्हें लखनऊ ले जाया जा रहा था। रास्ते में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार को उसका चालान भेजा है।

थाना मझगई के गांव बल्लीपुर खुर्द निवासी अटल शराब का आदी है। आए दिन वह अपने पिता सतनू से शराब पीने के लिए रुपये मांगता था। इसको लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। 26 अप्रैल की रात करीब 10:30 बजे अटल ने अपने पिता सतनू से शराब पीने के लिए रुपये मांगे। पिता सतनू ने रुपये देने से इंकार कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद-विवाद होने लगा। बात इतनी बढ़ गई कि अटल ने पास में पड़ी लोहे की सरिया उठा ली और पिता पर ताबड़तोड़ प्रहार करने लगा। इससे सतनू गंभीर रूप से घायल हो गया। घर वाले घायल सतनू को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार चल रहा था, लेकिन हालत उसकी बिगड़ती चली गई। सुधार न होने पर डॉक्टर ने सोमवार को उसे लखनऊ रेफर कर दिया। शाम को परिजन उसे लखनऊ ले जा रहे थे। रास्ते में ही सतनू की मौत हो गई। सतनू की मौत की खबर घर आते ही घर में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी लज्जावती ने अपने पुत्र पर प्राणघातक हमला करने का आरोप लगाते हुए मझगईं पुलिस को तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी पुत्र अटल को गिरफ्तार कर लिया।


सतनू (फाइल फोटो)

> मृतक की पत्नी की तहरीर पर जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज की गई है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद हत्या की धारा बढ़ाई जाएगी। आरोपी को गिरफ्तार कर मंगलवार को चालान भेजा गया है।
>
> –पुष्प राज कुशवाहा थानाध्यक्ष मझगई

### नहीं हो पा रहा था पैसों का जुगाड़

निघासन : सतनू की पारिवारिक स्थिति काफी दयनीय है। उसका पुत्र अटल तीन बेटियों में इकलौता पुत्र था। इकलौता होने के कारण अटल गलत संगत में फंसकर नशे का आदी हो गया। शराब पीना उसकी आदत बन चुकी थी। पिता को मारने के लिए बेरहम बेटे के हाथ भी नहीं कांपे। मां लज्जवती ने बताया कि पुत्र अटल आए दिन शराब पीकर झगड़ा करता था। शराब के आगे वह कभी अपनी कमाई का एक हिस्सा भी परिवार पर नहीं खर्च किया। घटना ने सबकुछ तबाह कर दिया। इलाज के लिए रुपये का बंदोबस्त कर रहे थे। रुपये की जब व्यवस्था हो पाई। तब सोमवार को लखनऊ मेडिकल लेकर जा रहे थे।

### शिकायत पर चेत जाती पुलिस तो टल सकती थी घटना

निघासन। सतनू की बड़ी बेटी सुनीता की ससुराल नौगवां में है। सुनीता ने बताया कि हफ्ते भर पहले अटल उसके घर आया था और चाकू हाथ में लेकर उसे धमका रहा था कि मेरे परिवार के बीच कोई हस्तक्षेप मत करना। भाई आये दिन मां लज्जावती व पिता सतनू को मारता पीटता था। यह सब जानकारी उसने और माता-पिता ने कई बार पुलिस को दी, लेकिन पुलिस पारिवारिक मामला बताकर गंभीर नहीं हुई। अगर पुलिस शिकायतों को गंभीरता से लेती तो शायद उसके पिता की जान नहीं जाती।

# कुंडे से लटकता मिला गर्भवती महिला का शव

- मायके वालों ने लगाया दहेज की खातिर हत्या का आरोप
- पति समेत चार के खिलाफ पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** थाना शारदा नगर क्षेत्र के गांव बढ़ईडीहा निवासी एक गर्भवती महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसका शव घर के अंदर कमरे में कुंडे से लटका हुआ बरामद हुआ है। मायके वालों ने दहेज की खातिर हत्या करने और शव फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गांव बढ़ईडीहा निवासी अंकुल पासी ने बताया कि सुबह वह और परिवार के अन्य सदस्य खेतों में काम करने गए थे। पत्नी बिट्टा देवी उर्फ छोटी (23) घर पर अकेली थी। वह कई दिनों से घर के कुछ लोगों से नाराज चल रही थी। वह खेतों से जब घर पहुंचा तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। किसी तरह से दरवाजा खोला तो देखा कि पत्नी का शव फंदे से लटक रहा था। सूचना पाकर परिवार के अन्य सदस्य भी घर पहुंच गए और मृतका के मायके वालों को खबर दी। इससे उसके मायके में चीख पुकार मच गई। मृतका के भाई विष्णु पाल ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भाई ने बताया कि उसकी बहन की शादी 9 मई 2023 को हुई थी। कम दहेज लाने का ताना देकर ससुरालीजन उसकी बहन को मारपीट कर प्रताड़ित करते थे। बहन के बताने पर कई बार उसकी ससुराल जाकर बहनोई और उसके माता–पिता को समझाया, लेकिन वह लोग नहीं माने और उसे प्रताड़ित करते रहे। उन्होंने बताया कि उनकी बहन चार माह के र्भ से थी। मृतका के पिता आसाराम ने मृतका के पति अंकुल, भाई अंकित, माता शारदा देवी और पिता मंगने लाल के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

> प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। मृतका के पिता की तहरीर पर पति समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।
>
> – बृजेश कुमार मौर्य, प्रभारी निरीक्षक थाना शारदा नगर
>
> –पुष्पराज कुशवाहा, थानाध्यक्ष मझगई

अमृत विचार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम शिवा दर्ज हो गया है जबकि आधार व पैन कार्ड में मेरा नाम शिवा कनौजिया है मुझे शिवा कनौजिया के नाम से जाना व पहचाना जाए। **शिवा कनौजिया पुत्र नरेश कनौजिया ग्राम गोड़वा पट्टी पोस्ट अतरौली जिला हरदोई।**

**सूचना**
मैं परशुराम अपने एकलौते पुत्र विरेन्द्र (24) के गलत चलो चलन से आहत होकर अपनी सम्पूर्ण चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। विरेन्द्र द्वारा कारित किसी भी कृत्य के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नही होगा। **परशुराम निवासी नौबस्ता, शाहमऊ माल, लखनऊ।**

**सूचना**
सूच्य हो कि मेरे पति देवी दयाल मौर्या पुत्र राम आधार मौर्य के बीमा पालिसी संख्या 217328763 में मेरा नाम बतौर नामिनी कमला देवी दर्ज है। जबकि अन्य अभिलेखों में मेरा नाम रामपति दर्ज है। कमला देवी और रामपति दोनो नाम मेरे एक ही व्यक्ति के है। **रामपति उर्फ कमला देवी पत्नी देवी दयाल मौर्या निवासिनी – पूरे प्रयागदीन, हरपुर हल्ला जिला – रायबरेली।**

**सूचना**
सूचित हो कि पूर्व में मेरा नाम समीर अहमद पुत्र श्री अब्दुल अजीज था। वर्तमान में मेरा नाम मोहम्मद शकील पुत्र श्री अब्दुल अजीज है जो कि मेरे आधार कार्ड सं0– 336776133410 में दर्ज है। उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। अतः मुझे मोहम्मद शकील के नाम से जाना व पहचाना जाये। अगर किसी को आपत्ति हो तो 15 दिनों में अपनी आपत्ति दर्ज कर सकता है **मोहम्मद शकील पुत्र श्री अब्दुल अजीज निवासी– 462/16क/1, रामगंज हुसैनाबाद, लखनऊ।**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं अपने दोनों पुत्रों अभय सिंह और निर्भय सिंह को उनके गलत कृत्यो व अभद्र व्यवहार के कारण आज दिनांक 30.04.2024 से अपनी समस्त प्रॉपर्टी से बेदखल करता हूँ। आज के बाद से उपरोक्त दोनों पुत्र उनके द्वारा किये गये किसी भी अनैतिक तथा फौजदारी कार्य के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे। मुझसे व मेरे परिवार से कोई लेना–देना नहीं होगा। **विद्यासागर सिंह पुत्र स्व0 चन्द्रशेखर सिंह निवासी– आनंद लोक कॉलोनी फेज–2, रहमानपुर, लखनऊ।**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा सर नेम कंडोला है। मुझे गुरमुख सिंह कंडोला व गुरमुख सिंह दोनों ही नामों से जाना व पहचाना जाता है। आज से मुझे गुरमुख सिंह कंडोला के नाम से जाना व पहचाना जाये। **गुरमुख सिंह कंडोला पुत्र चरन सिंह निवासी ग्राम पतवारा बड़ा, सरखनापूरब, तहसील पलिया, जिला– लखीमपुर खीरी (उ0प्र0)**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित हो कि मैं सुशील कुमार सिंह पुत्र राम बहादुर सिंह नि. ग्राम हरिहरपुर पो. कोरारी हीरशाह तह. गौरीगंज जनपद अमेठी का निवासी हूं मेरे पुत्र का सही नाम श्रेयश सिंह पुत्र सुशील कुमार सिंह माता का नाम अमृता सिंह है जबकि कुछ अभिलेखों में मेरे पुत्र का नाम सिद्धार्थ अंकित हो गया है जो गलत है।

## सार-संक्षेप

### मतदान के लिए प्रेरित कर रहे पूर्व सभासद रफी अहमद

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर नगर के समाज सेवी पूर्व सभासद रफी अहमद ने शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करते हुए कहा कि इस चुनावी बयार में, जीत हार पर बहस जारी है, लेकिन इन सबके बीच मतदान सबसे जरूरी है। लोकसभा क्षेत्र से होने के नाते हमारी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है, इसलिए अधिक से अधिक मतदान कर एक मिसाल बने। चुनावी रण शुरू चुका है विकल्प सामने हैं 13 मई 2024 को ध्यान रखिए लोकतंत्र के इस उत्सव में भागीदारी निभाईए, सब काम छोड़कर सबसे पहले मतदान के लिए निकले और अपनी कसौटी पर उम्मीदवारों को परखिए और फैसला सुनाइए आपके एक वोट से देश की सरकार जितनी मजबूत होगी उतना ही मजबूत आपका क्षेत्र होगा।


रफी अहमद।

### बीएलओ व चौकी प्रभारी ने मतदान के लिए किया जागरूक


अमीरनगर के मतदाताओं को जागरूक करते बीएलओ और चौकी प्रभारी।

**संवाददाता, अमीरनगर, अमृत विचार :** लोक सभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से आयोग मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए आमंत्रण पत्र देने की पहल की है। जिसके तहत जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह की पहल 90प्रतिशत से अधिक मतदान के लक्ष्य को आगे बढ़ाते हुए अमीरनगर के बीएलओ तौहीद बेग और चौकी प्रभारी अरविंद तिवारी ने मतदान, जागरूक समाज की पहचान कार्यक्रम को आगे बढाते हुए बीएलओ ने अपनी मित्र टीम के साथ घर घर जाकर मतदाताओं को मतदान दिवस के दिन बूथ पर मतदान करने के लिए आमंत्रण पत्र देकर उन्हें 13 मई सोमवार को चौथे चरण के मतदान के लिए आमंत्रित किया है।

### नेपाल में 40 लाख रुपये के सामान के साथ भारतीय गिरफ्तार

**संवाददाता पलिया कलां, अमृत विचार :** भारत से अवैध रुप से लाया गया करीब 40 लाख का हार्डवेयर सामान बरामद कर नेपाल की धनगढ़ी पुलिस ने एक भारतीय व्यापारी को गिरफ्तार कर लिया। बरामद माल का सीजर बनाकर माल समेत आरोपी को धनगढ़ी जिला कैलाली (नेपाल) कस्टम विभाग के सुपुर्द कर दिया है। नेपाल के कैलाली जिला के एसपी पदम बहादुर विष्ट ने बताया कि मुखबिर ने तस्करी कर भारत से बड़ी मात्रा में हार्डवेयर का सामान लाए जाने की सूचना दी थी। इस पर एसआई गजेंद्र बहादुर चंद के नेतृत्व में पुलिस की टीम गठित की गई। गठित टीम ने धनगढ़ी उपमहानगर पालिका तहत वार्ड चार में स्थित हरिओम हार्डवेयर एंड सप्लायर्स के गोदाम पर छापा मारा। हार्डवेयर संचालक आशीष गुप्ता व बरामद माल को पुलिस कार्यालय लाया गया, जहां से 40 लाख रुपये नेपाली करेंसी का सीजर बना कर माल और गिरफ्तार मालिक को कस्टम विभाग के सुपुर्द कर दिया गया है।

### ई-रिक्शा से जा रहीं लड़कियों से छेड़छाड़, विरोध पर पीटा

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना फूलबेहड़ क्षेत्र में धान की रोपाई कर ई–रिक्शे से जा रही लड़कियों से बाइकों पर सवार नौ लड़कों ने अश्लील फब्तियां कसते हुए छेड़छाड़ शुरू कर दी। बेखौफ युवकों ने कुछ दूर आगे बाइकें सामने खड़ी कर ई–रिक्शा को रोक लिया और लड़कियों को पकड़कर खींचने लगे। ई–रिक्शे में सवार साथ के चार युवकों में से एक युवक ने जब विरोध किया तो एक युवक का हेलमेट से प्रहार कर सिर फोड़ दिया। दो युवतियों की जमकर पिटाई कर दी, जिससे दो युवतियां बेहोश हो गई। फूलबेहड़ थाना क्षेत्र के कसबा सुंदरवल की 13 लड़कियां चार लड़को के साथ अंदेशनगर स्थित नशा मुक्ति केंद्र के मालिक के खेत में धान की रोपाई करने गई थी। शाम को घर वापस वक्त बदमाशों ने छेड़छाड़ की। लोगों ने घटना की सूचना यूपी 112 पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस लड़िकयों को लेकर सुंदरवल पुलिस चौकी पहुंची। घायल युवक और दोनों लड़कियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अनूप ने बताया कि आरोपी लड़के गांव परसेहरी कलां के रहने वाले हैं। पुलिस ने परसेहरी गांव से एक आरोपी विक्की पुत्र भोला को गिरफ्तार किया है।

# मतदान कराने में अफसरों की भूमिका अहम

## निष्पक्ष, भयरहित चुनाव सम्पन्न कराने की कमिश्नर लखनऊ व आईजी ने परखीं तैयारियां

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव निष्पक्ष व भयरहित सम्पन्न कराने के लिए मंगलवार को मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब और आईजी तरुण गाबा लखीमपुर पहुंचे। दोनों अफसरों ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपदीय अधिकारियों की बैठक ली। कमिश्नर ने कहा कि कानून एवं शांति व्यवस्था, संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रो को एसडीएम–सीओ और संबंधित टीमें संयुक्त रूप से भ्रमण करें। जहां कमियां मिलें उन्हें दूर कराएं। कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब ने कहा कि एसडीएम व सीओ अपने क्षेत्रो में भ्रमण कर निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराएं। थाना स्तर पर चुनाव रजिस्टर, हालचाल रजिस्टर आदि के साथ ही निर्वाचन शिकायत रजिस्टर भी बना ले। सेक्ट्रर मजिस्ट्रेट, पीठासीन अधिकारी, उड़नदस्ता टीम, वीडियो निगरानी टीम आदि पूरी तरह समय से क्रियाशील रहे। सेक्टर मजिस्ट्रेट पोलिंग पार्टी और पुलिस पार्टी को टैग करते हुए समय से रवानगी और वापसी को सुनिश्चित कराएंगे। मतदान दिवस पर जहां पोलिंग पार्टी सुस्त हो। वहां समय से पोलिंग पर्सन का रिप्लेसमेंट एवं उन्हें बढ़ाने की कार्रवाई तत्काल की जाएगी। पोल–डे से एक दिन पूर्व मतदेय स्थलों पर पोलिंग पार्टी पहुंचने के बाद सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, एमओआईसी मतदाता स्थलों पर एक राउंड पहुंचकर पोल वेलफेयर की व्यवस्था सुनिश्चित कराएंगे। आईजी तरुण गाबा ने कहा कि चुनाव एक महायज्ञ है, जिसमें सभी अधिकारी, कर्मचारी टीम भावना से कार्य करें। फील्ड में एमसीसी उल्लंघन के मामलों में निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्यवाही की जाए। पुलिस ड्यूटी का रेंडमाइजेशन प्रॉपर हो। सीएपीएफ की फील्ड में तैनाती आयोग की गाइडलाइन के अनुरूप हो। ईवीएम सिक्योरिटी प्लान प्रॉपर हो। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं होगी। डीएम जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने भी निर्वाचन सम्बंधी सभी तैयारियों की जानकारी पीपीटी के जरिए मण्डलायुक्त तथा आईजी को दी। बताया कि जनपद में आदर्श आचार संहिता, धारा 144 तथा निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशो का कड़ाई से अनुपालन कराया जा रहा है। कानून एवं शांति व्यवस्था व अन्य तैयारियां पूरी तरह दुरुस्त है।


सीडीओ अनिल कुमार सिंह से जानकारी लेती कमिश्नर।

### मंडलायुक्त व आईजी ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

मण्डलायुक्त और आईजी ने सीडीओ संग कृषि उत्पादन मंडी समिति राजापुर में बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। यहां पर उन्होंने पानी, बिजली, शौचालय व सुरक्षा व्यवस्था को देखा। निर्देश दिया कि मतदान वाले दिन पोलिंग पार्टियों की रवानगी समय से की जाए। सुरक्षा व्यवस्था का पूरा ख्याल रखा जाए। सीसीटीवी कैमरे 24 घंटे क्रियाशील रहे हैं।

### कमिश्नर-आईजी ने देखा खीरी थाना और मतदेय स्थल

कमिश्नर और आईजी ने थाना खीरी का डीएम, एसपी, सीडीओ संग निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत चुनाव रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, निरोधात्मक कार्रवाई रजिस्टर, हिस्ट्रीशीटर, सक्रिय अपराधी रजिस्टर के अलावा अन्य अभिलेखों की जांच की गई। इसके बाद तहसील सदर और थाना खीरी के अंतर्गत जिला पंचायत इंटर कॉलेज खीरी टाउन, पूर्व माध्यमिक विद्यालय खीरी टाउन के बूथों का निरीक्षण किया। पेयजल की उपलब्धता, शौचालय, विद्युत आपूर्ति, रैंप सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को देखा। आयुक्त ने बताया कि निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव कराने के लिए प्रशासन संकल्पित है। चुनाव को लेकर जरूरी व्यवस्थाओं की जांच की जा रही है। जहां कोई कमी मिल रही है उसे दुरुस्त करने के निर्देश दिए जा रहे हैं।



लाल बहादुर शास्त्री स्मारक इंटर कॉलेज में मौजूद विद्यार्थियों के साथ अध्यापक। अमृत विचार

# शत-प्रतिशत मतदान के लिए किया जागरूक

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को लेकर विद्यार्थियों ने पोस्टर बनाकर प्रेरित किया।

लाल बहादुर शास्त्री स्मारक इंटर कॉलेज में कराई गई चित्रकला प्रतियोगिता में शत प्रतिशत मतदान से संबंधित चित्रण कर प्रेरित किया। विद्यार्थियों के साथ शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने मतदान करने की शपथ ली। प्रधानाचार्य दिनेश कुमार सिंह यादव ने कहा कि मतदान वाले दिन मतदान को प्राथमिकता देते हुए अपने बूथ पर जाकर मतदान अवश्य करें। मतदान करके ही हम अपने सांसद के साथ देश का भविष्य भी चुनते हैं। वही अध्यापक मनोज कुमार मिश्रा ने मतदान करने के साथ पड़ोसियों को भी मतदान के प्रति जागरूक करने को लेकर शपथ दिलाई।

रामसनेही, उमेश कुमार, हरीश कुमार, योगेंद्र नारायण शुक्ला, मनोज कुमार मिश्रा, अर्चना देवी, दीपक शुक्ला, निशीत कुमार, रोहित कुमार, बृजेश कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

**तलाश गस्ती–गुमशुदा**

**थाना बछरावां जनपद रायबरेली**



1. नाम पता गुमशुदा – **मनोज कुमार गौतम** (उम्र 45 वर्ष) 2. **पिता का नाम** – छोटेलाल गौतम, **जाति**– गौतम 3. **पता**– ग्राम जोहवा हिसार थाना बछरावाँ जनपद रायबरेली 4. **सूचनाकर्ता** – श्री छोटेलाल पुत्र स्व0 बैजनाथ निवासी ग्राम जोहबा हिसार थाना बछरावाँ जनपद रायबरेली मो0नं0 8009630418 **हुलिया एवं पहनावा** – रंग–गोरा, आंख, नाक, कान कद औसत, **लम्बाई करीब**–05 फिट 3 इंच, **पहनावां**– नीली शर्ट चौखाना, पैन्ट नीली, काली चप्पल पहने हुए है। निवेदन है कि उक्त गुमशुदा मनोज कुमार के बारे में जिस किसी व्यक्ति को कोई जानकारी प्राप्त हो तो कृपया नीचे लिखे नम्बरो पर सम्पर्क करने की कृपा करें।

(सय्यैद नियाजी हुसैन) उपनिरीक्षक थाना बछरावां रायबरेली मो0नं0–7985873571

प्रभारी निरीक्षक थाना बछरावां रायबरेली मो0नं0 9454404126

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता–इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता–इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :–
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# बिल्डिंग मैटेरियल की आवक घटी, बेकार घूम रहे मजदूर

**मजदूर दिवस आज**

अमन सक्सेना शुक्लागंज

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के चलते इस समय आचार संहिता लागू है। इसका पालन कराने के साथ जगह-जगह वाहनों की चेकिंग हो रही है। ऐसे में मकान बनवाने वाले लोग अभी मकानों का निर्माण नहीं करा रहे हैं। क्योंकि निर्माण के लिये यदि वह 50 हजार से अधिक रकम ले जाते हैं तो उन्हें तमाम सवालों व समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसे देखते हुये अधिकांश कार्य बंद हैं। इसके चलते मजदूरों को लगातार काम नहीं मिल पा रहा है। जिससे उनके सामने परिवार पालना टेढ़ी खीर साबित हो गया है।

1 मई को मजदूर दिवस के रूप में मनाया जाता है, पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष महंगाई दो गुनी हो गई है। जिससे भवन निर्माण कराने वाले गृहस्वामी निर्माण कराने में संकोच कर रहे हैं। इधर आचार संहिता चलने के कारण निर्माण सामग्री का कारोबार करने वाले कारोबारी भी नकद पैसा इधर से उधर नहीं ले जा पा रहा है। जिससे आनलाइन ट्रांजेक्शन के माध्यम से निर्माण सामग्री मंगा रहे हैं। जिससे दुकानों में निर्माण सामग्री भी कम देखने को मिल रही है। मंगलवार को शुक्लागंज के फोरलेन स्थित सब्जी मंडी में लगने वाली मजदूर मंडी में चंपापुरवा, देवारा, पिंडोखा, सहजनी, गगनी खेड़ा, नेतुआ, मंशा खेड़ा, पीपरखेड़ा के अलावा नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के मजदूरों से जब बात की तो सभी ने कहा कि उन्हें बराबर काम न मिलने से परिवार चलाना मुश्किल है। ठेकेदार भी चुनाव बाद काम देने की बात कह रहे हैं। ऐसे में अमानी पर जो फुटकार काम मिल रहा है, उसी के सहारे जी रहे हैं।



चिलचिलाती धूप में नंगे पांव काम करता मजदूर। अमृत विचार

● **अधिक नकदी पकड़े जाने के डर से निर्माण सामग्री विक्रेता नहीं मंगा रहे सामान**

### परिवार चलाना भी मुश्किल हो रहा

मजदूर दिवस के बारे में जब मजूदरों से पूछा गया तो मजूदरों ने कहा कि हम का जानी मजदूर दिवस। इतनी महंगाई हो गई है कि घर में बच्चों को पढ़ाने, परिवार का भरण पोषण तक नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में परिवार चलाना बहुत टेढ़ी खीर साबित हो रहा है।

### कुछ मजदूरों को मिला पेड वर्कर का काम

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रचार प्रसार करने के लिये प्रत्याशियों ने गांवों में पेड वर्कर लगाये हैं। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकांश मजदूर पेड वर्कर का काम कर रहे हैं।

### चिलचिलाती धूप में अंगौछे के सहारे मजदूर

गर्मी का पारा दिनों से दिन चढ़ता जा रहा है, ऐसे में मजदूरी करने वाले राजमिस्त्री, लेबर के अलावा सड़कों पर काम करने वाले मजदूर चिलचिलाती धूप में महज एक अंगौछे के सहारे काम करते देखे जा रहे हैं।

## तीसरे दिन मिला गंगा में डूबे युवक का शव नहीं हुई पहचान

**उन्नाव।** बारासगवर थानांतर्गत रविवार को गंगा स्नान के दौरान गहरे पानी में डूबे युगल में युवक का शव तीसरे दिन बरामद हुआ। युवती की तरह ही युवक की भी पहचान नहीं हो सकी। इस पर शव मोर्चरी में रखवाया गया है।

बता दें कि बक्सर स्थित सिद्धपीठ मां चंडिका देवी मंदिर के पास युवक-युवती रविवार शाम करीब चार बजे गंगा स्नान के दौरान डूब गए थे। पवन तनय मंदिर के पीछे तट पर खड़े युवक ने नाविक को सूचना दी थी। इस पर नाविकों व गोताखोरों की मदद से युवती का शव बरामद हुआ था। लेकिन उसे पहचाना नहीं जा सका था। पुलिस ने सोशल मीडिया का सहारा लिया लेकिन, शिनाख्त नहीं हो सकी।

# अकेले रह रहे युवक ने फांसी लगाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली अंतर्गत एबी नगर मोहल्ले में अकेले रह रहा युवक रस्सी का फंदा बनाकर पंखे से लटक गया। पड़ोसियों से मिली सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर अंदर गई। जहां शव लटका देख जांच के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



राजेश गुप्ता।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जवाहर नगर निवासी राजेश गुप्ता (45) की शादी 15 साल पहले हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद ही उसका पत्नी से अलगाव हुआ था। आपसी समझौते के बाद पत्नी ने दूसरी शादी भी कर ली थी। राजेश अपनी मां मुन्नी देवी के साथ रहता था और ई-रिक्शा चलाकर जीवन यापन करता था। वर्ष-2020 में मां की मौत के बाद से वह अकेले ही रहता था। बड़ा भाई राजकुमार व छोटा संजय पास में ही परिवार के साथ अलग रहते हैं। सोमवार रात करीब 11 बजे तक पड़ोसियों ने उसे देखा। इसके बाद वह कमरा बंद कर सोने चला गया। मंगलवार सुबह जब उसका दरवाजा नहीं खुला तो लोगों ने इसकी जानकारी बड़े भाई राजकुमार को दी। इस पर वह पहुंचा। पड़ोसी के घर से छत के रास्ते नीचे उतरकर देखा तो राजेश का शव कमरे में पंखे में रस्सी के फंदे से लटक रहा था।

# कोई प्रत्याशी बजाएगा 'बांसुरी' तो 'बल्ला' भी आ गया मैदान में

## राजनीतिक दलों व निर्दलीयों को आवंटित किए गए चुनाव चिह्न, आठ प्रत्याशी मैदान में

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के तहत सोमवार को किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन पत्र वापस नहीं लिया। नामांकन पत्रों की जांच में सही पाए गए नाम निर्देशन पत्रों के आधार पर आठ प्रत्याशियों के बीच मुकाबला अब तय हो गया है। प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों को उनकी पार्टी का सिंबल आवंटित हुआ जबकि, अन्य प्रत्याशी प्रचार अभियान में चुनावचिन्ह आलमारी, बांसुरी, ऑटो-रिक्शा, सेब व बैट चुनाव निशान का प्रचार कर मतदाताओं से ईवीएम का बटन दबाने की अपील करेंगे।



जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने अंग्रेजी वर्णमाला के आधार पर सपा प्रत्याशी अन्नू टंडन का नाम सबसे ऊपर दर्ज करते हुए साईकिल चुनाव निशान आवंटित किया है। वहीं दूसरे नंबर पर बसपा प्रत्याशी अशोक पांडेय को स्थान देते हुए हाथी चुनाव चिन्ह दिया है।

जबकि, भाजपा प्रत्याशी साक्षी महाराज को पार्टी का चुनाव चिन्ह कमल आवंटित करते हुए तीसरे स्थान पर जगह दी गई है। इन तीनों मान्यता प्राप्त दलों के अलावा पंजीकृत राजनैतिक पार्टियों के उम्मीदवारों को चुनाव निशान दिए गए हैं। चौथे नंबर पर परचम पार्टी आफ इंडिया के सैफ खान को आलमारी, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के हिमांशु शर्मा को बांसुरी, निर्दलीय प्रत्याशी उमेश को आटो-रिक्शा, शिव प्रकाश सिंह को सेब व सैय्यद सरफराज गांधी को बैट चुनाव चिन्ह मिला है। मान्यता प्राप्त दलों के प्रत्याशी पहले से अपना चुनाव निशान बता मतदाताओं से वोट मांग रहे थे। अब चुनाव चिन्ह मिलने पर गैर मान्यता प्राप्त पार्टियों के उम्मीदवार व निर्दलीय प्रत्याशी भी मतदाताओं के बीच अपने चुनाव चिन्ह का प्रचार कर सकेंगे। इसे लेकर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम वित्त एवं राजस्व नरेंद्र सिंह ने बताया कि सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं।

● **उम्मीदवार चुनाव निशान बता मतदाताओं से वोट मांग रहे**

## गोलीकांड मामले ने लिया मोड़, अब पीड़ित पर आरोप

**गंजमुरादाबाद उन्नाव।** गंजमुरादाबाद नगर के मोहल्ला तालाब में चार दिन पूर्व गोली से एक 50 वर्षीय अधेड़ घायल हो गया था। अधेड़ का आरोप था कि लूटपाट के बाद बदमाश उसे गोली मारकर फरार हो गये। पुलिस घटना मामले की जांच करने में जुटी थी। इस दौरान बीते सोमवार को जिला हरदोई के एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि उसने और अन्य सहयोगियों ने घायल और उसके पुत्रों को शेयर मार्केट आदि में लगाने के लिये 86 लाख रुपए दिये थे और मई माह में एक करोड़ छत्तीस लाख रुपये वापसी का वादा हुआ था।बता दें कि गंजमुरादाबाद के तालाब निवासी अनवारुद्दीन बीते 25 अप्रैल की रात संदिग्धावस्था में गोली लगने से घायल हुआ था। उसके अनुसार बदमाश घर में रखी 80 लाख रुपए की नकदी सहित करीब 10 तोला सोना लूट ले गये। घटना के संबंध में पुलिस कई बिंदुओं पर जांच में जुटी थी।

# धरने के दौरान अधिवक्ता बेहोश

संवाददाता हसनगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** अधिवक्ताओं की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। वह हांथों में भ्रष्टाचार बंद करो व झूठा मुकदमा वापस लो आदि नारे लिखी तख्तियां लेकर एसडीएम कार्यालय के सामने धरने पर बैठे रहे।

बार महामंत्री राजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने हांथो में भ्रष्टाचार बन्द करो व झूठा मुकदमा वापस लो की लिखी हुई तख्तियां लेकर तहसील से प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए। बताते चलें कि कुछ समय पूर्व नायब तहसीलदार ने अधिवक्ता सुधीर सिंह व अखिलेश यादव के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा खड़ी करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। हालांकि अधिवक्ता सरकारी कार्य में बाधा डालना तो दूर नायब तहसीलदार से किसी तरह की बातचीत न होने का दावा कर रहे हैं। वह आरोपों को निराधार व मनगढंत ठहराते आ रहे हैं। हालांकि नायब तहसीलदार के वाहन चालक से किसी कार्य के संबंध में लेनदेन को लेकर बहस होने की बात अधिवक्ता स्वीकार कर रहे हैं। सोमवार को तहसील बार एसोसिएशन अध्यक्ष सजीवन सिंह ने अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा कर दी थी। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए मंगलवार को बार एसोसिएशन के महामंत्री राजीव कुमार सिंह की अगुवाई में अधिवक्ताओं का विरोध प्रदर्शन जारी रहा। धरने में बैठे अधिवक्ता प्रमोद यादव गर्मी और धूप के चलते बेहोश हो गए, जिससे अविधवक्ताओं की बीच हड़कंप मच गया। हालांकि साथी अधिवक्ता मुंह पर पानी के छींटे मारकर उन्हें होश में लाए। साथ ही ग्लूकोज आदि पिलाने के बाद चिकित्सकीय परामर्श दिलाया। अधिवक्ताओं की हड़ताल के चलते विभिन्न न्यायालयों के साथ रजिस्ट्री कार्यालय में भी कामकाज ठप रहा।



धरने पर बैठे अधिवक्ता व बेहोश अधिवक्ता। अमृत विचार

● **न्यायालयों सहित रजिस्ट्री कार्यालय में ठप रहा कामकाज**

## एक नजर

### कलह से ऊबी वृद्धा गंगा में कूदने पहुंची, दरोगा ने बचाया

**उन्नाव।** बारासगवर थानांतर्गत पारिवारिक कलह से ऊबी वृद्धा गंगा में डूबने पहुंच गई। समय रहते पुलिस को इसकी सूचना मिल गई। इस पर पुलिस उसे घाट से चौकी लाई और परिजनों को बुलाकर सुपुर्द किया। नगर पंचायत बीघापुर क्षेत्र के शंकर नगर मोहल्ला निवासी 60 वर्षीय तारावती पत्नी शिव प्रकाश कश्यप का दो माह पूर्व व्याह कर घर आई बहू से आएदिन विवाद होता है। इसी से ऊबी वृद्धा गंगा में कूदकर खुदकशी करने के उद्देश्य से बक्सर स्थित गंगापुल पर पहुंच गई। गंगा में छलांग लगाने से उसने आत्महत्या करने की जानकारी फोन पर अपने वार्ड की सदस्य बीना अग्निहोत्री दी। वार्ड सदस्य ने मिली सूचना पर बक्सर चौकी पुलिस ने वृद्धा को बचाया और उसे समझा बुझाकर अपने साथ लाई। सूचना पर परिजन पहुंचे और वृद्धा को अपने साथ घर ले आए।

### 600 ग्राम गांजे के साथ युवक को दबोचा

**हसनगंज।** कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जसमड़ा बब्बन गांव से मनोज पुत्र होरीलाल को 600 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया। कोतवाल चंद्रकांत मिश्रा ने बताया कि गांजे के साथ युवक को गिरफ्तार किया गया है। उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया है।

### सिपाही की तत्परता से बची युवक की जान

**नवाबगंज उन्नाव।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के बख्तूखेड़ा गांव में एक युवक ने फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंचे सिपाही ने आनन-फानन उसे नीचे उतारा और गंभीर हालत में सीएचसी पहुंचाया। इसके बाद डाक्टरों ने उसे बचा लिया। बख्तूखेड़ा गांव निवासी श्यामलाल खेती करता है। उसका 18 वर्षीय बेटा करन उन्नाव में पढ़ाई करता है। मंगलवार को उसकी परिजनों से कहासुनी हो गई। इससे क्षुब्ध होकर वह कमरे चला गया और पंखे में बहन के दुपट्टे के फंदे से फांसी लगा ली। यह देख परिजन व पड़ोस में किराए पर रहने वाले सिपाही प्रदीप यादव पहुंचे और युवक को फंदे से नीचे उतारा और बेहोशी हालत में उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां उसका इलाज चल रहा है। डाक्टरों को कहना है कि युवक की हालत अब खतरे से बाहर है। परिजनों ने सिपाही का आभार जताया है।

# राजनीतिक दलों को पढ़ाया आचार संहिता का पाठ




अधिकारियों को निर्देशित करते प्रेक्षक। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सुचितापूर्ण लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 संपंन कराने के लिए कलक्ट्रेट के पन्नालाल हाल में प्रेक्षकों ने जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) की मौजूदगी में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। प्रेक्षकों ने चुनाव प्रचार के दौरान आदर्श आचार संहिता का पालन करने की सलाह दी।

उन्होंने कहा कि आयोग के निर्देशों का सभी दलों के प्रत्याशियों को शतप्रतिशत पालन करना चाहिए। अन्यथा कार्रवाई होगी। सामान्य प्रेक्षक बाबू ए की अध्यक्षता में हुई बैठक में पुलिस प्रेक्षक डीके चौधरी, व्यय प्रेक्षक कलाकांत सिंह, कृष्णाराव सिगिलीपेल्ली व डीईओ गौरांग राठी ने राजनैतिक दलों व प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों को आदर्श आचार संहिता, निर्वाचन में दी जाने वाली अनुमतियां, पोलिंग बूथ, सुविधा एप, सुरक्षा व्यवस्था, रवानगी स्थल, स्ट्रांगरूम की सुरक्षा, मतगणना प्रशिक्षण, पोस्टल बैलेट मतदान, ईवीएम की उपलब्धता, पोलिंग बूथ अभिकर्ता आदि की जानकारी दी।

## बेटी का वीडियो बनाने का विरोध करने पर मारपीट कर कपड़े फाड़े

**सफीपुर उन्नाव।** घर के बाहर चबूतरे पर झाड़ू लगाते समय पड़ोसी युवक द्वारा वीडियो बनाने पर युवती ने विरोध किया। जिस पर युवक ने अपने सार्थियों के साथ उसके घर में घुसकर युवती व उसके परिजनों को लाठी-डंडों व बेल्ट से पीट दिया और उसके कपड़े फाड़ दिए। लहुलूहान युवती कोतवाली पहुंची और तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर युवती व उसके माता-पिता को मेडिकल के लिये भेजा।

नगर के मोहल्ला सैय्यद वाड़ा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि मंगलवार को जब उसकी बेटी चबूतरे पर झाड़ू लगा रही थी तभी पड़ोसी युवक वीडियो बनाने लगा। जब बेटी ने विरोध किया तो युवक अपने सार्थियों के साथ घर में घूस आया और उसे, उसकी बेटी व पत्नी को लाठी-डंडों व बेल्ट से पीट दिया। इस दौरान युवक ने बेटी के कपड़े फाड़ दिये।

# छेड़छाड़ के आरोपी को मिली चार साल की सजा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** मौरावां थानांतर्गत स्कूल से लौट रही किशोरी से छेड़छाड़ के आरोपी को कोर्ट ने दोषी ठहराते हुए चार साल की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर कोर्ट ने 11 हजार का अर्थदंड भी लगाया है।

बता दें कि मौरावां थानांतर्गत एक गांव की किशोरी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 21 फरवरी-2014 की दोपहर तीन बजे वह स्कूल से घर लौट रही थी। थानाक्षेत्र के मोहिद्दीनपुर गांव के मजरा अमजद अली का खेड़ा निवासी अनीश पुत्र लियाकत ने उसे रास्ते में रास्ते में रोक लिया और जबरन छेड़छाड़ करने लगा था। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की थी। शोर सुन ग्रामीण वहां पहुंचे तो वह भाग निकला। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज आरोपी को गिरफ्तार किया था। आईओ सुभाष चंद्र ने 19 फरवरी-2015 को कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। अंतिम सुनवाई मंगलवार को एडीजे-12 के न्यायालय में पूरी हुई। साक्ष्यों के आधार पर एडीजे शैलेंद्र सिंह ने अनीश को दोषी ठहराते हुए चार साल की सजा सुनाई है।

### गैंगस्टर को मिली ढाई साल की सजा

**उन्नाव।** माखी पुलिस ने गैंग बनाकर क्षेत्र में आतंक फैला कर संपति एकत्र करने वाले शातिर अपराधी चच्चू उर्फ धर्मेंद्र पुत्र चिरजू निवासी लकाइमपुर थाना फतेहपुर चौरासी पर गैंगस्टर लगाया था। जांच के बाद 27 अगस्त-2002 को चार्जशीट दाखिल की थी। मंगलवार को विशेष गैंगस्टर कोर्ट में मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद एडीजे-5 ने शासकीय अधिवक्ता हरीश अवस्थी, विश्वास त्रिपाठी व अलंकार द्विवेदी की दलीलों व पेश किए गए साक्ष्य के आधार पर चच्चू को ढाई साल की सजा सुनाई है।

## सार-संक्षेप

### सड़क हादसों में एक की मौत, पांच घायल

**नवाबगंज/बांगरमऊ।** सोहरामऊ थानांतर्गत बैंक से रुपए निकालकर लौट रहे युवक की बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इसमें व और पीछे बैठे उसके नाना घायल हो गए। सीएचसी से जिला अस्पताल ले जाते समय नाना ने दम तो दिया। वहीं, बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में चार घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। असोहा थानाक्षेत्र के गोरिन्दा गांव निवासी बराती (70) अपने नाती दीपक के साथ बाइक से सोहरामऊ स्थित यूको बैंक से रुपये निकालने आया था। वहां से लौटते समय भल्ला फार्म के पास बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इसमें दोनों गंभीर घायल हो गये। जिन्हें सीएचसी लाया गया। जहां से दोनों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। इसी दौरान रास्ते में बाराती की मौत हो गई। हादसे की खबर पाकर पहुंचे परिजन शव देख बेहाल हो गए। वहीं अजगैन कोतवाली क्षेत्र के धारा खेड़ा गांव निवासी अनमोल पुत्र शिव बालक अपनी बाइक से मकूर गांव की बाजार से घर लौट रहा था। तभी गांव निवासी शिवा पुत्र सोनेलाल बाइक से पेट्रोल पंप जा रहा था। मकूर गांव के पास दोनों बाईकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें नवाबगंज सीएचसी पहुंचाया। जहां से अनमोल को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं दूसरे बाइक सवार शिवा का उपचार चल रहा है। कोतवाली क्षेत्र के गांव भठियापुर निवासी अयान (18) पुत्र अशफाक व नियाज (20) पुत्र फिरोज कार से क्षेत्र के गांव घसुवा खेड़ा जा रहे थे। तभी रास्ते में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें दोनों गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजन उन्हें सरकारी अस्पताल लाये। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### संतोषी माता मंदिर में हुए हवन में श्रद्धालुओं ने दी आहुति

**बांगरमऊ उन्नाव।** नगर के खत्रियाना मोहल्ला स्थित मंदिर में मां संतोषी का 55वां वार्षिकोत्सव बहुत ही श्रद्धाभाव से मनाया गया। तय कार्यक्रम के तहत पहले सुबह नौ बजे से शुरू हुए हवन में सभी भक्तों ने आहुतियां समर्पित कीं। इसके बाद माता रानी का श्रृंगार कर विधान पूर्वक पूजन-अर्चन व कन्या भोज और माता की चौकी देर रात तक श्रद्धालु श्रोता विभिन्न भजन सुन भक्ति भाव से झूमते रहे। हवन में शामिल होने के लिए सुबह से भक्तगण मंदिर पहुंचने लगे। आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चारण करते हुए भक्तों से हवन में आहुतियां डलवान के सिलसिला जारी रखा। बाद में पूर्णाहुति के साथ यज्ञ का समापन किया गया। शाम के समय गुप्ता एंड पार्टी के गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजन व गीत सुनाने शुरू कर दिया। भक्तगण 'चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है', 'मां मुरादे पूरी करदे हलवा बाटूंगी', 'कभी फुर्सत हो तो जगदंबे निर्धन के घर भी आ जाना' आदि भक्ति भावना से भरे भजन आदि सुनाने का सिलसिला बनाए रखा। श्रद्धालु श्रोता देवी सहित अन्य भक्तिपूर्ण गीत सुनकर झूमने के लिए मजबूर रहे। पुजारी सक्षम शुक्ल ने भक्तों के बीच प्रसाद वितरित किया। कार्यक्रम की व्यवस्था चंद्रप्रकाश शर्मा चंदू, सुधीर मिश्रा, पूजा, श्याम किशोर शुक्ला, इशांत मिश्रा, अनू गुप्ता व सूरज मराठा ने आदि संभाल रखी थी।



मातारानी की मूर्ति।

### घायलों का हालचाल जानने के बाद शुरू किया चुनाव प्रचार

**उन्नाव।** सपा से लोकसभा प्रत्याशी अन्नू टंडन ने मंगलवार को जिला अस्पताल में भर्ती उन्नाव-हरदोई हाईवे पर हुए बस हादसे के शिकार घायलों को हालचाल लेने जिला अस्पताल पहुंचीं। इसके बाद सफीपुर तहसील मुख्यालय पहुंचकर अधिवक्ताओं सहित अन्य लोगों से मिलकर हो रहे लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की जिताने की अपील की। अधिवक्ताओं के बीच उन्होंने कहा कि देश संविधान से चलता है और विकास व जनकल्याण निरंकुशता से सभी के अधिकारों का हनन कर रही है। विभिन्न संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग का भी आरोप लगाया। साथ ही नफरती बयानबाजी कर देश की सामाजिक समरसता खंडित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसलिए देश की एकता, अखंडता बनाए रखने के लिए शिक्षित समाज को इंडिया गठबंधन द्वारा चलाए जा रहे 'देश बचाओ भाजपा भगाओ' आंदोलन को सफल बनाना चाहिए। इससे पहले वह जिला अस्पताल पहुंची, जहां जमल्दीपुर व हफीजाबाद के पास हुए अलग-अलग बस हादसों के घायलों के हालचाल लिए। साथ ही चिकित्सकों व स्टाफ से उनके इलाज में कोई कमी न रखने के लिए कहा। पूर्व सांसद के साथ भ्रमण करने वालों में अधिवक्ता अरसद जमील, गुफरान अली, देवेंद्र राठौर, मुख्तार अहमद, अनिल निषाद, श्याम सुंदर, सरीफ खां, हाजी सैय्यद इरफान, शिवशंकर वर्मा, राजेश मिश्रा, फरान व अजय श्रीवास्तव शामिल रहे।

**दुर्दशा** ग्रामीणों ने डीएम से गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

# उखड़ा सोहरामऊ-दूधी कगार मार्ग का डामर

संवाददाता पुरवा उन्नाव

**अमृत विचार।** क्षेत्र के व्यस्त मार्गों में शामिल 70 किलोमीटर लंबी सोहरामऊ-दूधी कगार रोड निर्माण के 10 माह में ही क्षतिग्रस्त होकर गड्ढ़ों में तब्दील होने लगी है। भ्रष्टाचार मुक्त शासन के दावे के बीच दुर्दशाग्रस्त हो रही सड़क को लेकर ग्रामीणों में रोष है। वह पीडब्ल्यूडी अफसरों व ठेकेदार की मिलीभगत के चलते एक करोड़ से अधिक लागत से बनी सड़क में गड़बड़ी करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। साथ ही डीएम से सड़क की मरम्मत कराने पर जोर दिया है।

बता दें कि वर्ष-2023 में एक करोड़ 41 लाख से सोहरामऊ से फतेहपुर जिला स्थित दूधीकगार तक करीब 70 किमी लंबे मार्ग का निर्माण हुआ था। इस सड़क का ठेका मेसर्स अंबे ट्रेडर्स फर्म को मिला था। करीब 10 माह पहले ही इस सड़क का निर्माण कार्य पूरा होने पर इसे आवागमन के लिए चालू किया गया था। लेकिन, यहां तहसील स्थित मंडी समिति के पास से पाटन तक जगह-जगह सड़क पर किया गया डामर का लेपन उखड़ना शुरू हो गया है। इससे सड़क पर गड्ढ़े होने लगे हैं, जिनकी वजह से हल्के व भारी सहित दोपहिया वाहन सवारों को खासी असुविधा का सामना करना पड़ता है। क्षेत्रीय निवासी भीमशंकर त्रिपाठी, दिनेश साहू, पप्पू, हरीओम, संजय, पुनीत व सौरभ आदि ने जिलाधिकारी से शीघ्र से शीघ्र क्षतिग्रस्त हो रही सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है। साथ ही धांधली की जांच करा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई कराने पर जोर दिया है। क्षेत्रीय ग्रामीणों का कहना है सड़क आसपास गांवों सहित पूरे तहसील क्षेत्र को लाभांवित करने वाली नवनिर्मित सड़क को बदहाली से उबारा जाना चाहिए, जिससे दिखाए गए सपने पूरे हो सकें। एसडीएम रनवीर सिंह ने सड़क क्षतिग्रस्त होने के सवाल पर कहा कि अब तक कोई शिकायत पत्र नहीं मिला है। शिकायत प्राप्त होने पर जांच कराई जाएगी।



क्षतिग्रस्त हुआ सोहरामऊ-दूधी कगार मार्ग। अमृत विचार

● **मात्र 10 माह पहले ही एक करोड़ से अधिक लागत से बनी थी यह सड़क**

## चांदनी हत्याकांड के तीन आरोपियों को भेजा गया जेल

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के अखलाक नगर में शादी के आठवें दिन नव विवाहिता की मुंह दबाकर पति समेत ससुरालियों ने हत्या कर दी थी। मृतका के भाई ने दहेज हत्या का मुकदमा गंगाघाट कोतवाली में दर्ज कराया था। तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

कानपुर के जाजमऊ अंबेडकर नगर नई बस्ती नूरी रोड निवासी जुम्मन की बेटी चांदनी की शादी 21 अप्रैल 2024 को अखलाक नगर 40 फीट रोड निवासी नदीम पुत्र रफीक के साथ हुई थी। शादी के आठवें दिन पति ने चांदनी की हत्या कर दी थी। मृतका के भाई मंसूर ने पति नदीम, ससुर रफीक, सास आमना, ननद उजाला व देवर नईम के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था।

# मरीजों के पास मिले बाहर की दवा लिखे पर्चे, डॉक्टरों को फटकारा

## एसीएमओ मिल रही शिकायतों के बाद सीएचसी नवाबगंज की जांच करने पहुंचे

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव


सीएचसी में निरीक्षण करते एसीएमओ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लगातार मिल रही शिकायतों की जमीनी हकीकत जानने के लिये एसीएमओ ने सीएचसी नवाबगंज का औचक निरीक्षण किया। उनके अचानक पहुंचने से स्वास्थ्य कर्मियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण में मरीज़ों को बाहर की दवा लिखे जाने व बाहर से अल्ट्रासाउंड कराने के लिये जिम्मदार डॉक्टरों को जमकर फटकार लगाई।

सीएचसी में डाक्टरों द्वारा मरीजों को बाहर की दवाएं लिखने व अल्ट्रासाउंड आदि जांच बाहर से कराने की शिकायत पर मंगलवार को सीएमओ के निर्देश पर एसीएमओ डा. रविदास ने नवाबगंज सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डा. राजेश कुमार के साथ ओपीडी व इमरजेंसी वार्ड देखकर चिकित्सकों से जानकारी ली। एसीएमओ महिला चिकित्सक डा. रिचा श्रीवास्तव की ओपीडी में आयी महिला मरीजों से स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। ओपीडी में डा. शैलेंद्र अस्थाना, डा. सिद्धार्थ श्रीवास्तव, डा. रविशेष कुमार से मरीजों को बाहर से दवा न लिखने की हिदायत दी। स्वास्थ्य केंद्र में अल्ट्रासाउंड मशीन होने के बाद भी ज्यादातर महिला मरीजों के हाथ में निजी पैथोलॉजी की अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट देख एसीएमओ भड़क गये। जिस पर डा. राजेश कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात डा. देवेंद्र कुमार अल्ट्रासाउंड जांच की ट्रेनिंग पर है। इस दौरान एसीएमओ को सीएचसी आयी किरण पत्नी रमेश निवासी असोहा, शशी पत्नी रविशंकर निवासी केवाना, बबिता पत्नी रमेश निवासी मददुखेड़ा, शांति व मालती निवासी छतन खेड़ा आदि गर्भवती महिला मरीजों के हाथ मे निजी जांच केंद्र की अल्ट्रासाउंड जांच की रिपोर्ट के साथ मरीज के पर्चे पर बाहर की दवा मिली। इस पर अधीक्षक से नाराजगी जताने के साथ सुधार के निर्देश दिये। एसीएमओ ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों द्वारा बाहर से दवा व जांच लिखे जाने की शिकायत मिल रही थीं। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर औचक निरीक्षण कर शिकायतों की जांच की गई। जहां महिला मरीजों के पास निजी केंद्र की अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट के साथ उनके पर्चे पर बाहर की दवाएं भी लिखी मिलीं। कहा कि मरीजों के पास निजी जांच की रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों को प्रेषित की जाएगी।

# पुरानी रंजिश में मां बेटे को दबंगों ने पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के शक्तिनगर मोहल्ले में पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसी गाली गलौज कर रहे थे, जिस पर महिला ने विरोध किया तो उसे मारने पीटने लगे। बीच बचाव करने आये बेटे के सिर पर डंडा मार दिया। जिससे उसका सिर फट गया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

शक्तिनगर निवासी भोला चौरसिया की पत्नी डिंपल ने मंगलवार को गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि उसका पड़ोस में रहने वाले कुछ लोगों से पुरानी रंजिश है। उसी को लेकर सुबह करीब नौ बजे पड़ोसी पति को गलियां दे रहे थे। जिसका उसने विरोध किया। जिस पर वह लोग उससे हाथापाई करने लगे। बेटा आदित्य बचाव करने आया तो उसके सिर पर डंडा मार दिया। घायल में आदित्य को लेकर वह कोतवाली पहुंची। डिंपल की तहरीर पर पुलिस ने शिव मोहन, महेन्द्र, रिंकू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# तीन दिन से लापता अधेड़ का शव मिलने से सनसनी, हत्या का शक

संवाददाता गंजमुरादाबाद उन्नाव


मौके पर परिजनो से बात करते सीओ। अमृत विचार

- परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, बेटी से हुआ था दुष्कर्म

**अमृत विचार।** तीन दिन से लापता अधेड़ किसान का शव गांव के बाहर एक मक्का के खेत के पास मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। शरीर में चोटें देख परिजन उसकी हत्या किए जाने की आशंका जता रहे हैं। सीओ ने मौके की जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। इसमें उसके गले व पैरों में चोटें मिली हैं। शव सड़ जाने से बिसरा सुरक्षित किया गया है।

बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव सेतुवाही निवासी 48 वर्षीय किसान ने गंगा रेती में तरबूज की फसल बो रखी थी। उसकी रखवाली के लिए वह अक्सर वहीं रुकता था। 28 अप्रैल की शाम वह घर से फसल देखने जाने की बात कह निकला था लेकिन, सुबह घर नहीं लौटा। परिजन ने वहीं रुकने की बात सोंच ध्यान नहीं दिया। शाम तक घर न पहुंचने पर उसकी तलाश शुरू की लेकिन, उसका कोई पता नहीं लगा। मंगलवार को गांव निवासी प्रकाश राठौर के मक्के के खेत में ग्रामीणों ने उसका शव पड़ा देखा। लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। परिजन शव देख हत्या का आरोप लगाने लगे। सूचना पर पहुंचे सीओ अरविंद कुमार व कोतवाल राजकुमार ने जांच की। परिजनों ने हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई। चप्पल मिलने के स्थान और जहां शव मिला वहां तक शव घसीटने के भी निशान मिले हैं। सीओ ने बताया कि पीएम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### पोस्टमार्टम में मिली चार चोटें

किसान के शव का पोस्टमार्टम मंगलवार को किया गया। इसमें उसके गले व पैर में चोटें मिली हैं। शव के सड़ने व घावों में कीड़े पड़ने से डाक्टर किसी स्पष्ट नतीजे पर नहीं पहुंच चुके। इस कारण से बिसरा सुरक्षित किया गया है। वहीं पुलिस को परिजनों से तहरीर नहीं मिली है।

# अराजकतत्वों ने बंद गेस्ट हाउस में लगाई आग

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मरहला चौराहा स्थित एक बंद पड़े गेस्ट हाउस में मंगलवार दोपहर अराजकतत्वों ने आग लगा दी। तेज हवाएं चलने के कारण आग तेजी से फैल गई। जिससे आस पास के लोगों में हड़कंप मच गया। आग की सूचना फायर बिग्रेड को दी गई। सूचना पर पहुंचे दमकल ने आग पर किसी तरह काबू पाया। इस दौरान गेस्ट हाउस का सामान जलकर खाक हो गया। वहीं गेस्ट हाउस संचालिका ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

मरहला चौराहा स्थित मीरा वाटिका गेस्ट हाउस काफी समय से जिला प्रशासन की कार्यवाही होने के कारण बंद चल रहा है। जिसका फायदा उठाकर बगल का गेस्ट हाउस संचालन उसमें कूड़ा फेंकता है। इसके साथ ही कब्जा करने की नियत से निर्माण सामग्री भी डंप करा रखी हैं। मंगलवार दिन करीब साढ़े ग्यारह बजे अराजकतत्वों ने बंद गेस्ट हाउस के अंदर कूड़े में आग लगा दी। तेज हवाएं चलने के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। यह देख आस पास के शो रूम और दुकान संचालकों में हड़कंप मच गया। आग की सूचना पर पहुंची गेस्ट हाउस संचालिका के बेटे आदित्य सिंह ने फायर बिग्रेड को सूचना दी। दमकल कर्मियों ने मशक्कत कर आग बुझाई। गेस्ट हाउस के अंदर रखा सामान जलकर खाक हो गया। गेस्ट हाउस संचालिका मीरा सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

# महिला को पीटने में चार पर रिपोर्ट

**शुक्लागंज।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मनोहर नगर निवासी एक महिला रेलवे क्रासिंग पर सब्जी लगाने का काम करती है। दो दिन पहले उसका सब्जी लगाने को लेकर विवाद हो गया था। जिस पर कई लोगों ने उसे मारा पीटा। जिससे उसे चोटें आई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मनोहर नगर निवासी सलमा पत्नी मुबारक ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि वह गंगाघाट रेलवे क्रासिंग ढाल पर सब्जी लगाती है। 28 अप्रैल को दुकान लगा रही थी, तभी पड़ोस में दुकान लगाने वाली रूकसाना, उसका बेटा आरिफ, पति चांद और रूबीना पत्नी गुड्डू उससे गाली गलौज करने लगे। जिसका उसने विरोध किया। विरोध करने पर चारों ने उसे मिलकर मारा पीटा।

# नीदरलैंड की राजदूत ने देखा चर्म उद्योग

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


सभागार में उद्यमियों के साथ बैठक करतीं नीदरलैंड की राजदूत मीरास गेराड्र्स।

- उद्यमियों के साथ बैठक कर इकाई का निरीक्षण भी किया

**अमृत विचार।** नीदरलैंड की राजदूत मरीसा गेराड्र्स ने कानपुर-उन्नाव के लेदर उद्योग का दौरा किया। सीएलई भवन स्थित सभागार में उन्होंने काउंसिल फार लेदर एक्सपोर्ट (सीएलई), कानपुर लेदर कांप्लेक्स (केएलसी), सोलिडारीडैड के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। राजदूत शिवान टेनरी निरीक्षण करने पहुंची, जहां यूपीएलआईए के अध्यक्ष अनवरुल हक ने उन्हें बातचीत के दौरान प्रदूषण नियंत्रण के लिए क्षेत्र में किए जा रहे उपायों की जानकारी दी।

राजदूत ने कानपुर-उन्नाव लेदर कांप्लेक्स में प्रदूषण निवारण के लिए उठाए जा रहे कदमों की सराहना की। उन्होंने कहा पेयजल प्रदूषण को कम करने सहित अत्याधिक जलदोहन से बचने के लिए पानी के कम से कम उपयोग से काम चलाना काबिलेतारीफ है। इसके लिए अधिक उन्नत तकनीकि का उपयोग किया जाना सराहनीय है। उन्होंने केएलसी परिसर में सीएलआरआई द्वारा उपलब्ध कराई गई आधुनिक प्रयोगशाला का निरीक्षण करते हुए सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही सेंटर आफ एक्सीलेंस को देखा। सीएलई के क्षेत्रीय अध्यक्ष असद इराकी ने उनका स्वागत किया। असद ने नीदरलैंड की ओर से किए जाने वाले कारोबारी सहयोग के लिए आभार जताया। साथ ही कहा कि चल रहे सुधारात्मक प्रयासों को आगे भी जारी रखना क्षेत्रीय चर्म उद्योग के लिए बेहतर रहेगा। सोलिडारीडैड के एशिया हेड ताहिर जैदी ने राजदूत सहित नीदरलैंड के प्रति आभार जताया। साथ ही भविष्य में भी सहयोग बनाए रखने की अपील की। भ्रमण के दौरान उन्होंने यूपीएलआईए उन्नाव चैप्टर के सचिव ताज आलम, यूपीएलआईए के अध्यक्ष अनवर उल हक व एसटीए के हफीजुर रहमान सहित अन्य जिम्मेदारों से बातचीत करते हुए चर्म उद्योग की बेहतरी की संभावनाएं तलाशीं।

इस मौके पर नीदरलैंड के शरद थाड़ानी, (नीदरलैंड्स के कॉन्सुलेट), पीयूएम इंडिया के प्रतिनिधि पुनीत रमन, सीएलई के पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष जावेद आलम, एसटीएएल के सीईओ प्रसन्ना, सोलिडारीडैड के प्रोग्राम मैनेजर आदित्य कुमार सिंह, वरिष्ठ सलाहकार डा. अविनाश गर्ग, कबीर ज़ैदी, अर्जुन यादव, प्रशांत, फैसल, दानिश व राधेश्याम पांडेय आदि मौजूद रहे।

# पालिका के टैक्स कलेक्टर को दी गई विदाई

**शुक्लागंज।** नगर पालिका गंगाघाट में टैक्स कलेक्टर के पद पर कार्यरत पालिका कर्मी का सेवाकाल पूरा होने पर मंगलवार को उन्हें विदाई दी गई। जहां ईओ ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

नगर पालिका में अशोक सिंह राणा टैक्स कलेक्टर के पद पर तैनात थे, मंगलवार को उनका सेवाकाल पूरा हो गया। जिस पर पालिका में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सभी ने उनके कार्यकाल की प्रशंसा की। इस दौरान ईओ मुकेश मिश्रा, अध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडेय समेत कई सभासद व पालिका कर्मी मौजूद रहे। सभी ने उन्हें उपहार देकर उन्हें विदाई दी। कुछ लोग भावुक भी हो उठे। इसके साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# अस्पताल में बुखार, डायरिया के मरीज बढ़े

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव


मरीज का परीक्षण करते प्रभारी चिकित्साधिकारी।

**अमृत विचार।** अप्रैल माह में पड़ रही गर्मी से जहां हर कोई बिलबिला उठा है। वहीं मौसम तल्ख होने के कारण डायरिया, सर्दी, जुकाम, बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में डायरिया के हर रोज कई मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भी मरीजों की कतार लगी रही। इसके साथ ही पीएचसी में हड्डी की समस्या के भी मरीज पहुंचे।

गर्मी का प्रकोप हर रोज बढ़ता ही जा रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में रोज डायरिया, खांसी, जुकाम, बुखार के मरीज पहुंच रहे हैं। मंगलवार सुबह दस बजे से ही अस्पताल में मरीजों की भीड़ रही। इस दौरान अस्पताल में मौजूद प्रभारी चिकित्साधिकारी रवि प्रकाश सचाल, डा. रश्मि वर्मा ने आये मरीजों का परीक्षण किया। जहां डेढ़ सौ से अधिक मरीजों की ओपीडी हुई। जिसमें अधिकांश मरीज डायरिया, सर्दी, जुकाम, बुखार के अलावा चर्म रोग से संबंधित पहुंचे। वहीं आजाद नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भी मरीजों की भीड़ रही। इसके अलावा प्राइवेट डॉक्टरों के पास भी मरीजों की लाइन लगी रहती है। प्रभारी चिकित्साधिकारी ने बताया कि गर्मी के दिनों में अचानक धूप से आने पर ठंडा पानी नहीं पीना चाहिए। वहीं दोपहर के समय घर से न निकले। जरुरत हो तो धूप में निकले अन्यथा बचाव जरुरी है।

### हाथ-पैरों में जकड़न के पहुंचे मरीज

प्रभारी ने बताया कि फ्लोराइड युक्त पानी पीने से हाथ, पैर की हड्डियों में जकड़न की शिकायत पाई जा रही है। इससे हड्डियां कमजोर होने से दर्द बना रहता है। खासकर हर उम्र के लोगों के पैरों में दिक्कतें पाई जा रही हैं। जो चिंता का विषय है।

### अस्पताल में नहीं हैं हड्डी रोग विशेषज्ञ

इस समय पीएचसी में रोजाना हड्डी से संबंधित मरीज पहुंच रहे हैं लेकिन हड्डी रोग विशेषज्ञों के न होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया जा रहा है। जिससे मरीजों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

# एसडीएम से सिंचाई को नाली खुलवाने की मांग

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

- आधा सैकड़ा ग्रामीणों ने लगाया दबंगों पर नाली बंद करने का आरोप

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र की शेरपुर कला ग्राम पंचायत के करीब आधा सैकड़ा किसानों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर पड़ोसी गांव के दबंगों पर खेतों की सिंचाई के लिए बनी नाली जबरन बंद करने का आरोप लगाया है। उन्होंने दबंगों के खिलाफ कार्रवाई कराते हुए नाली खुलवाने की मांग की है।

प्रभावित किसानों ने एसडीएम नम्रता सिंह को बताया है कि पड़ोसी कांटा गुलजारपुर गांव के निकट शारदा नहर से निकली कदीमी नाली से शेरपुर कला, गाजी खेड़ा, तुलसी खेड़ा, नियाज़ अली खेड़ा, शादीपुर, देव खेड़ा व विजय खेड़ा सहित करीब एक दर्जन गांवों के किसान के खेतों तक सिंचाई पहुंचता था। गर्मी के दिनों में तालाब भरने के लिए भी यह नाली उपयोगी रही है। ग्रामीणों के मुताबिक करीब 10 माह पूर्व कांटा गुलजारपुर के कुछ दबंगों ने सिंचाई नाली को बंद कर दिया था। शिकायत करने पर तत्कालीन एसडीएम ने नाली खुलवा दी थी, लेकिन इधर फिर नाली नहीं दिख रही है। ग्रामीणों ने बताया कि नाली बंद करने का विरोध करने पर दबंग मारपीट पर अमादा हो जाते हैं। नाली बंद होने तालाब नहीं भरे जा सके हैं। ग्राम प्रधान जमुना देवी सहित राम बालक, चंद्र किशोर, गंगा प्रसाद, गोविंद, नन्हे लाल रहे।

# गंदगी देख भड़के ईओ, आठ कर्मियों पर कार्रवाई

**शुक्लागंज।** नगर पालिका क्षेत्र के दो वार्डों का मंगलवार को ईओ ने निरीक्षण किया। जहां दोनों वार्डों में जगह-जगह गंदगी फैली थी, इसके साथ ही नालियां बजबजाती मिली। जिस पर ईओ का पारा हाई हो गया और उन्होंने सफाई नायक समेत आठ सफाई कर्मियों पर कार्रवाई की है। पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा, एसवीएम प्रभारी अनूप शुक्ला के साथ मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे वार्ड 15 पूर्वी गांधी नगर पहुंचे। जहां उन्होंने साफ सफाई का निरीक्षण किया। इस दौरान जगह-जगह कूड़े के ढेर मिले। इसके साथ ही नालियां भी बजबजाती मिली। जिस पर उन्होंने क्षेत्रीय लोगों से साफ सफाई के बारे में जानकारी की।

## सार-संक्षेप

### ताबड़तोड़ फाल्टों से चरमराई नगर की बिजली

**शुक्लागंज उन्नाव।** सोमवार रात से मंगलवार को पूरे दिन नगर के अलग-अलग मोहल्ले में हुये फाल्टों के कारण नगर की घंटों बिजली गुल रही। बिजली न आने के कारण भीषण गर्मी में लोग बिलबिला गये। वहीं मरम्मत करने को लेकर बिजली कर्मी भी खासे परेशान रहे। सोमवार रात करीब सवा ग्यारह बजे रहमत नगर में एचटी लाइन टूटने के कारण फीडर एक की बिजली गुल हो गई। बिजली न आने पर क्षेत्रीय लोगों ने विभाग को सूचना दी। जिस पर बिजली कर्मी मौके पर पहुंचे और मरम्मत कार्य किया। रात करीब दो बजे के बाद क्षेत्र की आपूर्ति चालू हो सकी। जिस पर लोगों ने राहत की सांस ली। इसी तरह सोमवार की शाम 6 बजे अंबिकापुरम में भी एबीसी केबिल जलने से रात 11 बजे तक सैकड़ों घरों की बिजली गुल रही थी। इसके अलावा मंगलवार सुबह सात बजे आदर्श नगरं और गयत्री नगर में एबीसी केवल धू धू कर जल गई। जिससे सैकड़ों घरों की बिजली गुल रही। वहीं अंबिकापुरम में शाम करीब छह बजे एबीसी केबिल जलने के कारण रात ग्यारह बजे तक बिजली गुल रही। डाकतार कालोनी में 400 केवीए ट्रांसफार्मर खराब होने से सुबह से लेकर देर रात तक बिजली गुल रही। विभाग ने नया ट्रांसफार्मर मंगाया। जेई ने बताया कि देर रात क्षेत्र की आपूर्ति चालू हो सकती है।

### बेहोश पड़े व्यक्ति को पुलिस ने कराया भर्ती

**बांगरमऊ।** बेहटा मुजावर थानांतर्गत गांव तिर्वा जहांगीराबाद के पास मंगलवार दोपहर एक अज्ञात व्यक्ति बेहोश पड़ा मिला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना बेहटा मुजावर पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से उसे स्थानीय सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां उसे भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

### बच्ची से छेड़छाड़ करते युवक को मां ने देखा, रिपोर्ट दर्ज

**फतेहपुर चौरासी।** थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती सोमवार शाम उसकी 8 वर्षीय बेटी के साथ गांव निवासी मेराज पुत्र शाहिद घर के पास छेड़छाड़ कर रहा था। तभी उसकी पत्नी वहां पहुंच गई। पत्नी को देख वह भाग गया। प्रभारी निरीक्षक राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### युवक पर मारपीट कर ज्वैलरी छीनने का आरोप

**चकलवंशी।** माखी थानाक्षेत्र के कोरारी कलां गांव निवासी एक युवती ने पुलिस को दी तहरीर में गांव के युवक पर ज्वेलरी छीनने, मारपीट करने व धमकी देने का आरोप लगाया है। युवती शौच के लिए खेत गई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोरारी कलां गांव निवासी दिनेश की बेटी चांदनी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार दोपहर वह शौच के लिए खेत गई थी। वहीं गांव निवासी युवक घात लगाये बैठा था। उसने मौका देख उसे झाड़ियों में खींच लिया और सोने-चांदी की ज्वेलरी छीनने लगा। विरोध करने पर मारपीट की और धमकी देते हुए भाग निकला। एसओ संदीप मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिली है। दरोगा को जांच करने के लिए भेजा गया है।

### खेत में खड़ा पेड़ काटकर उठा ले गए, दी तहरीर

**चकलवंशी।** माखी थानाक्षेत्र के पोलेखेड़ा गांव निवासी ओम प्रकाश पुत्र स्व. चुन्नीलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 28 अप्रैल को गांव के चार लोगों ने मिलकर उसके खेत में खड़ा लसहोरिया का प्रतिबंधित पेड़ चोरी से काट लिया और उठा ले गये। विरोध करने पर उससे मारपीट की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बसपा नेता के घर के बाहर से बाइक चोरी

**बांगरमऊ।** कोतवाली अंतर्गत नगर क्षेत्र के मोहल्ला गढ़ी निवासी बसपा के विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष मंगल बौद्ध की बाइक अज्ञात चोर ने पार कर दी। पीड़ित ने घटना की तहरीर कोतवाली में दी है। तहरीर में पीड़ित ने बताया कि रोज की तरह वह बीते सोमवार उसने अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी की थी। मंगलवार सुबह जब वह उठा तो देखा उसकी वहां नहीं थी। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### नशे में गिरे अधेड़ की हुई मौत

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव परशुरामपुर निवासी राकेश (50) पुत्र नत्थू शराब पीने का आदी था। बीती सोमवार देरशाम वह नशे में घर पहुंचा और गिर गया। परिजन रात 10 बजे उसे एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन पुलिस को सूचना दिए बिना शव लेकर घर चले गए।

लोकसभा चुनाव-2024

नारे लगाते हुए विभिन्न मोहल्लों से होकर गुजरे राधाकृष्णन विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के विद्यार्थी

# बच्चों ने रैली निकाल मतदाताओं को वोट करने के लिए किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



रैली में मौजूद अधिकारी व अन्य। अमृत विचार


रैली निकालते बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर के मोहल्ला सिविल लाइंस स्थित राधाकृष्णन विद्या मंदिर इंटर कॉलेज द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। गर्मी के बीच रैली निकालने को लेकर लोग विद्यार्थियों सहित विद्यालय की सराहना करते रहे। साथ ही बच्चों द्वारा लगाए जा रहे नारों की भी तारीफ की।

रैली में शामिल छात्र-छात्राएं विभिन्न नारे लगाते हुए लोगों को जागरूकता संदेश देते रहे। इस दौरान बच्चे जहां मतदान का महत्व बता रहे थे। साथ ही मतदान के अधिकार को गौरवपूर्ण ठहराते रहे। नारों के जरिए ही मतदान को लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने वाला हथियार भी बताया। छात्रों द्वारा लगाए जाने वाले नारों 'वोट फॉर फ्यूचर', 'स्वस्थ जनतंत्र की है पहचान सबको शिक्षा और मतदान', 'भारत देश महान है करते सब मतदान हैं' की सभी सराहना करते रहे। विद्यालय स्टाफ की मौजूदगी में निकली रैली सिविल लाइन, कल्याणी, केवटा तालाब, लोधनहार व रामपुरी मोहल्लों से होकर गुजरी। इसमें शामिल छात्र-छात्राएं लोगों से 13 मई को मतदान केंद्र पहुंचकर मताधिकार के इस्तेमाल की अपील करते हुए चल रहे थे। इससे पहले रैली को रवाना करते हुए विद्यालय प्रबंधक विक्रम जैन ने विद्यार्थियों को बताया कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में 18 वर्ष आयु पूरी करने वाले प्रत्येक नागरिक को मताधिकार प्राप्त होता है, जिसके माध्यम से सभी मिलकर देश व प्रदेश सहित निकायों व पंचायतों के जनप्रतिनिधि चुनते हैं। यही चुने हुए प्रतिनिधियों को प्राप्त शक्ति से कानून बनते हैं। साथ जनकल्याणी योजनाओं का सृजन और क्रियान्वयन होता है।

सफीपुर संवाददाता के अनुसार, लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आयोजित मतदाता जागरूकता रैली को कार्मिक प्रभारी सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा ने शाम करीब सात बजे महात्माग गांधी इंटर कालेज से झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य अतिथि के तीन घंटे विलंब से पहुंचने के बाद भी विद्यार्थियों में रैली को लेकर उत्साह बना रहा। रैली में एनसीसी कैडेट्स सहित विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

कस्बे के विभिन्न मोहल्लों से गुजरने के बाद रैली का समापन तहसील परिसर में किया गया। रैली में एमजीआईसी, जीजीआईसी, केजीआईसी, सनडीसन पब्लिक इंटर कालेज के अलावा विभिन्न परिषदीय विद्यालयों के विद्यार्थी भी शामिल रहे। रैली में शामिल होने के लिए दोपहर तीन बजे पहुंचे बच्चों को भूख-प्यास से बुरा हाल रहा। रैली में डीआईओएस एसपी सिंह, बीएसए संगीता सिंह, तहसीलदार रामाश्रय, बीडीओ श्वेता तिवारी व जीजीआईसी की प्रधानाचार्य रचना निगम आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### नहर में युवक का शव मिला

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र लखनऊ रोड स्थित बेगमगंज नहर में युवक का शव मंगलवार की सुबह पड़ा हुआ मिला। राहगीरों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नहर से निकला और शिनाख्त करने के प्रयास किया। उसकी शिनाख्त बेगमगंज गांव निवासी जनकू 55 वर्ष के रूप में हुई। मृतक युवक का भाई विजय कुमार ने शिनाख्त की उसने बताया कि उसका भाई पूरे परिवार के साथ दिल्ली में किराए पर रहता था और दिल्ली में कपड़े प्रेस का काम करता था वह शराब के नशे में रहता था और एक महीना पहले गांव बेगमगंज आया हुआ था उसके चार बच्चे हैं एक लड़की व तीन लड़के एक लड़की व एक लड़के की शादी हो गई है, वहीं पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।

### विहिप निकालेगा संत प्रवचन यात्रा

**हरदोई, अमृत विचार।** लोकतंत्र का महापर्व क्रम में विश्व हिन्दू परिषद पूज्य संतो के निर्देश में संत प्रवचन यात्रा अवध प्रान्त मे एक मई से 10 मई तक निकालेगा । विहिप के जिला अध्यक्ष ने बताया कि बुधवार से अयोध्या के पूज्य संत हरदोई में रहेंगे और लोकसभा के अंतर्गत आने वाले गांव में जायेगे और समाज में अपने प्रवचनों के माध्यम से राष्ट्रहित में मतदान हो व् शत प्रतिशत मतदान करने का। संकल्प दिलाएंगे ।

### बालिका के साथ दुष्कर्म करने में 10 साल की कैद

**हरदोई, अमृत विचार।** अपर सत्र न्यायाधीश यशपाल ने बालिका के साथ घर में घुसकर दुष्कर्म करने के मामले में दोषी को 10 साल की कड़ी कैद की सजा सुनाई है। जज ने आरोपी पर 60,000 का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना की धनराशि जमा होने पर आधी राशि पीड़िता को दिलाए जाने का आदेश दिया गया है। शासकीय अधिवक्ता अमलेंद्र सिंह ने बताया कि थाना पचदेवरा के उबरी खेड़ा निवासी रामबाबू उर्फ बाबू ने 5 अक्टूबर 2018 को रात के समय एक घर में घुसकर 11 वर्षीया बालिका से जबरिया दुष्कर्म किया। घटना के समय पीड़िता घर पर अकेली थी। सत्र न्यायाधीश ने अदालत के समक्ष पेश सबूत के आधार पर आरोपी को दोषी पाया।

# स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाएं तत्काल दुरुस्त कराएं

## जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने मंडी परिसर का निरीक्षण कर दिए निर्देश

हरदोई

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने ईवीएम व वीवीपैट की कमीशनिंग के दृष्टिगत मंडी परिसर का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि स्ट्रांग रूम की सभी व्यवस्थाएं तत्काल पूरी कर ली जाएं। स्ट्रांग रूम में बिजली के तारों में कोई जोड़ न रखा जाये। खुले तार पूरी तरह से हटाए जाएं। सीसीटीवी लगवाने की कार्यवाही जल्द पूरी की जाए। स्ट्रांग रूम में समुचित साफ-सफाई कराई जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह निर्देश मंडी सचिव को दिए। अतिक्रमण हटाने के बाद का मलवा देखकर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई और तत्काल हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि



मंडी परिसर का निरीक्षण करते जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह व सीडीओ सौम्या गुरुरानी। अमृत विचार

बैरीकेटिंग की उचित व्यवस्था करायी जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार व अपर जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम आदि उपस्थित रहे।

इसके बाद जिलाधिकारी ने महाराणा प्रताप राजकीय पीजी कॉलेज में मतदान कार्मिकों के द्वितीय प्रशिक्षण व फैसिलिटेशन सेंटर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने सबसे पहले हरदोई व मिश्रिख लोकसभा हेतु बनाये गए हेल्प डेस्क को देखा जहां व्यवस्थाओं से वह संतुष्ट नजर आये। उन्होंने निर्देश दिया कि फैसिलिटेशन सेंटर में प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था की जाये। प्रत्येक फैसिलिटेशन सेंटर कक्ष के बाहर ईडीसी वितरण काउंटर लगाया जाये। कुछ एआरओ की अनुपस्थिति पर उन्होंने पर नाराजगी जताते हुए सभी एआरओ को व्यवस्थाएं तत्काल पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मतदान केन्द्रों पर आवश्यक सुविधाओं का लिया जायजा

हरदोई

**अमृत विचार।** खण्ड विकास अधिकारी हरियावां डा. निधि राठौर ने ग्राम पंचायत-अटवाअसिगांव के बूथ संख्या-361, 362, 363 एवं टोलवाआंट के बूथ संख्या-366, 367, 369, 370, 371 व मझोला के बूथ संख्या-368 का निरीक्षण किया। इस दौरान आवश्यक सुविधाएं जैसे- बिजली, पंखा, , पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैम्प का कार्य पूर्ण पाया गया।

प्राथमिक पाठशाला अटवाअसिगांव में बच्चों, शिक्षकों को 13 मई को होने वाले लोक सभा सामान्य निर्वाचन हेतु समस्त मतदाताओं को मतदान किये जाने हेतु शपथ दिलायी गई तथा उपस्थित बच्चों को यह भी अवगत कराया गया कि वह अपने घर परिवार एवं पड़ोसियों को दिनांक 13 मई, को मतदान हेतु प्रोत्साहित किये जाने के सम्बन्ध में कहा गया। संडीला संवाददाता के अनुसार लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर नगर पालिका परिषद संडीला की अधिशासी अधिकारी विजेता गुप्ता द्वारा अशराफ टोला मतदान केन्द्र, राजाहाता प्राथमिक विद्यालय, अशराफ टोला चौपार टोला आदि मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। जिसमें गतिविधि ठीक पाई गई और सफाई व्यवस्था निरीक्षण किया जो संतोषजनक पाया गया। इस निरीक्षण में सफाई निरीक्षक राजमंगल सिंह, टीएस अनिल प्रकाश आनन्द, अवर अभियंता सिविल गौरव शुक्ला, जलकल अभियंता सुनील यादव, हसीब व पालिका का अन्य स्टाफ़ उपस्थित रहा।

# मतदान करने से ही मजबूत होता है लोकतंत्र

हरदोई

**अमृत विचार।** मतदान करने के लिए लगातार लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। जिला मुख्यालय से लेकर गांवों व कस्बों तक में अधिकारी अधिक से अधिक मतदान के लिए लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। संडीला में नगर पालिका अधिशासी अधिकारी विजेता गुप्ता ने लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मतदान मजबूत बनाता है, इसलिए मतदान दिवस को पर्व के रूप में मनाते हुए मतदान अवश्य करें।

विकास खण्ड बावन के ग्राम पंचायत बन्नई के जूनियर हाईस्कूल के बूथ संख्या 351, ग्राम पंचायल बेहटागोकुल के बूथ संख्या 48, 49 तथा ग्राम पंचायत गूलामऊ में चुनाव पाठशाला का आयोजन खण्ड





मतदाताओं को जागरूक करतीं ईओ विजेता गुप्ता। अमृत विचार

विकास अधिकारी बावन डा. राम प्रकाश की अध्यक्षता में किया गया। प्रा.वि. बेहटाधीरा के बूथ संख्या 53, 54, जू.हा. बेहटागोकुल के बूथ संख्या 48, 49 का निरीक्षण किया गया जिसमें आवश्यक सफाई के निर्देश दिये गये। ग्राम पंचायत बन्नई में मतदाता जागरूकता के अन्तर्गत मोटर साईकिल व कार के स्टीकर लोगों को वितरित किये गये। सचिवों को प्रत्येक दूसरे दिन शौचालयों तथा स्कूल के परिसर की साफ-सफाई के निर्देश दिये गये। उक्त के अतिरिक्त रोस्टर के अनुसार बूथ संख्या 200 मिरिकापुर में 200, 201, रामपुर छैया के बूथ संख्या 214, 215 प्रा. वि. जिलगांत के बूथ संख्या 206, प्रा. पा. रामापुर रहोलिया के बूथ संख्या 65, पा. पा. गदाईपुर के बूथ संख्या 36, प्रा. वि. ऐजा के बूथ संख्या 33, 34, 35 में मतदाता शपथ दिलायी गयी तथा जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम में राममूर्ति वर्मा, दिव्या सिंह, सचिव, के साथ प्राधानाध्यापक व अन्य शिक्षक, शिक्षिकाएं, बीएलओ एवं ग्राम वासी उपस्थित रहे।



ईवीएम व वीवीपैट की कमीशनिंग की प्रशिक्षण कार्यशाला में मौजूद निर्वाचन कर्मी। अमृत विचार

### ईवीएम व वीवीपैट की कमीशनिंग की प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन

**हरदोई, अमृत विचार।** रसखान प्रेक्षागृह में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में ईवीएम व वीवीपैट की कमीशनिंग के सम्बन्ध में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि कमीशनिंग में निर्वाचन आयोग के प्रोटोकॉल का पूरा पालन किया जाये। हॉल में एआरओ की ओर से जारी पहचान पत्र साथ में रखें। कमीशनिंग स्थल पर समय से पहुंचें। मशीनों को बॉक्स में बूथ के क्रम के अनुसार रखें। मशीनों की सीलिंग के बारे में अच्छी तरह से सीख लें। कमीशनिंग के दौरान पानी की बोतल मशीन के पास न रखें। ऐसी स्थिति में मशीन को रखें जिससे वह धूप से प्रभावित न हो। कोई समस्या आने पर अपने एआरओ से पूछें। वेबकॉस्टिंग वाले बूथों पर बिजली आदि कि व्यवस्था देख ली जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण आज से होगा शुरू

हरदोई

**अमृत विचार।** अपर जिला मजिस्ट्रेट/उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका सिंह ने सहायक नोडल अधिकारी ईवीएम एवं वीवीपैट रख-रखाव को निर्देश दिये है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन में मतदान कार्मिकों को ईवीएम/वीवी पैट का प्रशिक्षण मुख्य विकास अधिकारी द्वारा महाराणा प्रताप राजकीय पीजी कालेज में 1 मई से दिया जाएगा।

प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण स्थल पर पूर्व में टेनिंग/जागरूकता के लिए निकाली गयी 166 वीयू, 166 सीयू तथा 166 वीवी पैट में पूर्व 65 बीयू, 65 सीयू तथा 65 वीवीपैट प्रभारी अधिकारी कार्मिक को प्रत्येक दिन प्रशिक्षण से पूर्व प्राप्त कराएं और प्रशिक्षण के बाद वापस रखवाना सुनिश्चित करें।

अपर जिला मजिस्टेट ने आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, कम्यूनिष्ट पार्टी आफ इंडिया, समाजवादी पार्टी, इण्डियन नेशनल कांग्रेस तथा अपना दल के जिलाध्यक्षों को भी सूचित किया है कि मतदान पार्टियों को द्वितीय प्रशिक्षण एक मई से महाराणा प्रताप राजकीय पीजी कालेज में दिया जायेगा।

## आईएमए की मतदाता जागरूकता रैली आज

**हरदोई, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रशासन के साथ विभिन्न संगठन भी अपनी ओर से प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) भी जागरूकता रैली निकालेगा। यह जानकारी देते हुए डॉ. सीके गुप्ता ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा मतदान से ही लोकतंत्र का महायज्ञ सफल हो सकता है, इसके लिए वोटरों को घर से निकलकर मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके तहत सभी सदस्यों के ओपीडी पर्चों पर प्रेरक स्लोगनों की मोहर लगाई जा रही है। सभी प्रमुख स्थानों पर हरदोई में आईएमए द्वारा फ्लैक्स बैनर लगाये गये हैं और इसी क्रम में बुधवार को पद यात्रा रैली भी आयोजित की जा रही है। पद यात्रा रैली सुबह 8 बजे विक्टोरिया हाल से शुरू होकर जिलाधिकारी कार्यालय जाएगी।

# ब्राम्हण देशहित में सदैव खड़ा रहा

मल्लावां, हरदोई

**अमृत विचार।** ब्राम्हण स्वाभिमान मंच के तहत प्रथम सम्मेलन में उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि ब्राह्मणों ने समय-समय पर अपनी ताकत का अहसास कराया है। देश और प्रदेश के हित में समाज सदैव खड़ा रहा है।

मंगलवार को कस्बे के एक गेस्ट हाउस में ब्राह्मण स्वाभिमान मंच द्वारा प्रथम सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने संबोधन में कहा कि ब्राह्मणों ने सदैव देश हित में सामने



सम्मेलन में बोलती राज्यमंत्री रजनी तिवारी।

आए हैं और देश के स्वाभिमान की सदैव रक्षा की है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामौतार शुक्ला पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, चेयरमैन अनुराग मिश्रा, डॉ राजेंद्र दत्त मिश्रा कृपालु साधक सहित अन्य लोगों ने सम्बोधित किया। ब्राह्मण स्वाभिमान मंच के संरक्षक वरिष्ठ अधिवक्ता अभय शंकर शुक्ला ने कार्यक्रम का संचालन किया तो ब्राह्मण स्वाभिमान मंच के अध्यक्ष हरिओम दीक्षित पारस ने सभी आदतों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी संजय सिंह गुड्डू, सह प्रभारी नीरज विधार्थी, प्रधान प्रतिनिधि स्पर्श दीक्षित, प्रधान मुन्ना त्रिपाठी, प्रदीप दीक्षित, सभासद भाष्कर मिश्रा, अमित त्रिपाठी, अनुज मिश्रा, ब्रजेश अवस्थी, दिवाकर द्विवेदी, विनोद दीक्षित, प्रेमशील पाण्डेय, नन्द किशोर गुप्ता, लाला राम शुक्ला, अधिवक्ता, रागिनी मिश्रा, मिथिलेश मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे

## सार-संक्षेप

### पैसे के लेन-देन में दबंगों ने दुकानदार को पीटा

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कांशीराम कालोनी में पैसों को लेकर हुए विवाद में एक दबंग ने दलित को पीट कर लहूलुहान कर दिया। इस सिलसिले में युवक और उसके अज्ञात साथी के खिलाफ केस दर्ज दर्ज कराया गया। शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला काशीराम कॉलोनी निवासी मुकेश कुमार के अनुसार नुमाइश गेट के सामने काशीराम कॉलोनी की गली में उसका परचून का खोखा रखा है। मौलागंज निवासी नेहाल अपने साथी के साथ पुड़िया लेने के लिए उसके पास आया और 50 का नोट दिया। मुकेश के अनुसार उसने 30 रुपये वापस कर दिए, जबकि नेहाल का कहना था कि उसने पैसे वापस नहीं किया। इसी बात पर दोनों में विवाद हुआ नेहाल और उसके अज्ञात साथी ने उसके सिर पर डंडा मार दिया जिससे मुकेश का सिर फट गया। मुकेश ने आरोपी नेहाल और उसके साथी के खिलाफ शाहाबाद कोतवाली में दलित एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कराया। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है।

### नपाप संडीला में बड़े बाबू लेखाकार को दी गई विदाई

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद संडीला में कार्यरत लेखाकार बड़े बाबू परवेज खान का नगर पालिका में सेवा काल 33 वर्ष का रहा। मंगलवार को सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह का अरायोजन किया गया। नगर पालिका के पूर्व अधिशासी अधिकारी के के मौर्या एवं रूद्र प्रताप सिंह एवं अधिशासी



लेखाकार को विदाई देते साथी।

अधिकारी विजेता गुप्ता ने कहा कि लेखाकार परवेज खान का कार्यकाल सराहनीय रहा है। उन्होंने कभी किसी का दिल नहीं दुखाया है। अपने काम के प्रति निष्ठावान रहे। नगर पालिका के अध्यक्ष मो. रईस अंसारी ने कहा कि परवेज खान ने नगर पालिका को जो सेवाएं दी है वह भुलाई नहीं जा सकती। उन्होंने सभी का सदैव सम्मान किया है, किसी को भी निराश नहीं किया। उनके कार्यकाल से समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी संतुष्ट रहे हैं। इस दौरान जलकर अभियंता सुनील यादव, अनिल आनंद, सफाई निरीक्षक राज मंगल सिंह, शिवकुमार, शरीफ, सभासद अकील अंसारी, बबलू, अजय द्विवेदी, हाफिज जी पूर्व सभासद नूर हसन एडवोकेट एवं सरताज अली ठेकेदार अंगूरी शंकर सिंह दीपू सिंह, समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

### सेवानिवृत्त होने पर लिपिक को किया सम्मानित





लिपिक को सम्मानित करते अध्यक्ष रामजी गुप्ता। अमृत विचार

**सांडी. हरदोई, अमृत विचार।** सेवानिवृत्त एक निश्चित तिथि है, लेकिन व्यक्ति द्वारा किए गए कामों की याद उसके कार्यकाल को हमेशा याद रखती है। यह बात नगर पालिका अध्यक्ष रामजी गुप्ता ने लिपिक हरिशंकर कश्यप के सेवानिवृत्त होने पर आयोजित कार्यक्रम में कही। श्री गुप्ता ने कहा कि हरिशंकर का कार्यकाल बेहद सराहनीय रहा। किसी भी व्यक्ति का कार्य उन्होंने टालने की कोशिश नहीं की। उनके मधुर व्यवहार के कारण लोग उनका अधिक सम्मान करते हैं। अध्यक्ष ने कहा कि सेवानिवृत्त होना एक प्रक्रिया है, लेकिन श्री कश्यप के कार्य लोगों को सदैव याद आते रहेंगे। उन्होंने सेवानिवृत्त लिपिक से सदैव अपने अनुभवों का उपयोग नगर पालिका के लिए करने को कहा। इस मौके पर राजकिशोर अग्निहोत्री, मुबीन, अजीमुश्शान, सभासद पीयूष पाठक, प्रवीण रस्तोगी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### पीड़ितों को वापस दिलाए धोखाधड़ी में गए पैसे

**हरदोई, अमृत विचार।** बढ़ते साइबर क्राइम को कंट्रोल करने के लिए एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी पूरी तरह से एक्शन में है। साइबर थाने पर शिकायत आई कि फर्जी लिंक से बैंक खातों एक लाख 304 रुपयों की धोखाधड़ी की गई ।जिस पर एसपी के निर्देश, एएसपी पूर्वी की निगरानी और सीओ सिटी/साइबर के नेतृत्व में साइबर थाने की टीम ने दोनों मामलों का खुलासा करते हुए धोखाधड़ी के शिकार हुए दोनों के खातों में उनके रुपये वापस कराए गए। रिज़र्व पुलिस लाइन में स्थित साइबर थाने में सुनवाई के दौरान दो लोगों ने शिकायत दर्ज कराई थी कि साइबर क्राइम करने वाले शातिरों ने फर्जी लिंक के माध्यम से 1,00,304 रुपयों की धोखाधड़ी की। इस पर साइबर थाने की टीम एक्टिव हुई और तुरंत ही कार्रवाई करते हुए बाहर से ले कर बैंक तक छानबीन शुरु कर दी। फर्ज़ी लिंक से की गई धोखाधड़ी का पता होते ही साइबर क्रिमिनल के खातों को ब्लाक कराया गया और धोखाधड़ी का शिकार हुए उन दोनों के खाते में 1,00,304 रुपये वापस कराए गए। इनमें से एक से 92327 रुपये और दूसरे से 7977 रुपये की धोखाधड़ी की गई थी।

# सपा और कांग्रेस सनातन विरोधी : नितिन

हरदोई

**अमृत विचार।** सपा, कांग्रेस पार्टी की कथनी-करनी पर जमकर कटाक्ष किया। पार्टी तुष्टिकरण, सनातन विरोधी है। विपक्ष की कोई भूमिका नहीं रह गई। ऐसे प्रत्याशी मैदान में है जिनको कोई जानता तक नहीं है। जमीन पर कोई आधार नहीं है। यह चुनाव राष्ट्र निर्माण के लिए है। यह चुनाव दिशा तय करेगा।

कछौना कस्बा के एक विद्यालय



जनसभा को संबोधित करते राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल। अमृत विचार

में मुख्य अतिथि आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने जनसभा के दौरान उक्त उद्गार व्यक्त किए। जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश व प्रदेश की जनता के हित व जनकल्याण के लिए भाजपा सरकार दिन-रात कार्य कर रही है। सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास सबके प्रयास से राष्ट्र विकसित निर्माण में अहम भूमिका निर्वहन करें। सदस्य विधान परिषद अशोक अग्रवाल ने कहा कि कछौना क्षेत्र हमारी जन्म व कर्मभूमि है। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए सदैव प्रयासरत रहता हूं। नगर क्षेत्र में मतदान प्रतिशत कम होने पर चिंता व्यक्त की। इस दौरान सभासदगण, ब्लाक प्रमुख, प्रधानगण, क्षेत्र पंचायत सदस्यगण, जिला पंचायत सदस्यगण, कार्यकर्ता, व्यापारी बंधु, पूर्व नगर अध्यक्ष पति जगदीश गुप्ता, डॉ. अनिल गुप्ता, भाजपा पदाधिकारी, वरिष्ठ भाजपा नेता ब्रह्म कुमार सिंह, जिला मंत्री अजय शुक्ला, महामंत्री शिवम मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# दो दिन से पेयजल सप्लाई ठप होने से लोग परेशान

मल्लावां, हरदोई

**अमृत विचार।** नगर में भयंकर गर्मी में पेयजल सप्लाई दो दिन से प्रभावित होने से घरों में पेयजल संकट बना हुआ है, जिससे लोग परेशान बने हुए है। नगर पालिका सप्लाई सोमवार की शाम से प्रभावित है। मंगलवार को भी पेयजल सप्लाई प्रभावित बनी रही। घरों में पानी को लेकर परेशानी का सामना करना पड़ा। पम्प आपरेटर रामवीर ने बताया कि मेन वाल काफी समय से लीकेज था, जिससे पानी की टंकी भरने में चार घंटे तक का समय लगता था। सोमवार मेन वाल बदलने का काम कराया जा रहा है, लेकिन अभी तक पूर्ण रूप से सही नहीं हो सका। जिसके चलते सप्लाई प्रभावित बनी हुई है। वाल बदलने के बाद देर शाम तक सप्लाई छोड़ी जाएगी।



### पीड़ित परिवार की मददगार बनी टीम नेकी की दीवार

**बावन, हरदोई, अमृत विचार।** बावन में अग्निकांड से पीड़ित परिवार की मदद के लिए नेकी की दीवार टीम ने हाथ बढ़ाया है। टीम ने गरीब परिवार को जरूरत का सामान, खाने की व्यवस्था सहित 21 हजार रुपए का आर्थिक सहयोग किया है। एक सप्ताह पहले बावन निवासी फूलचन्द्र के घर में आग लगी थी। इसमें सब घरेलू सामान जलकर राख हो गया था। इस बात की जानकारी मिलते ही नेकी की दीवार सदस्यों ने पीड़ित परिवार से संपर्क किया और उनका हालचाल जाना। मंगलवार को बीईओ बावन आरके द्विवेदी, नेकी की दीवार के संचालक सचिन मिश्रा, विद्यानिधि मिश्रा अपनी टीम के साथ पीड़ित के घर पहुंच गए। अग्नि पीड़ित परिवार फूल चंद्र के परिवार हेतु सहायता सामग्री वांटी। इस मौके पर अनिल दीक्षित, संजय सिंह, सोनू त्रिवेदी, आशीष अग्निहोत्री आदि लोग मौजूद रहे। भविष्य में भी आवश्यकता पड़ने पर मदद का भरोसा दिया।

चुनावी हलचल | चुनाव निशान मिलते ही प्रत्याशियों का जनसंपर्क हुआ तेज

# तपती दोपहरी में घरों की खटका रहे कुंडी

हरदोई

**अमृत विचार।** जिले में 13 मई को मतदान होना है। सोमवार को प्रत्याशियों को चुनाव चिन्हों का वितरण कर दिया गया। चुनाव चिन्ह मिलने के बाद प्रत्याशियों ने दौड़ आजमाइश तेज कर दी। अपना चुनाव चिन्ह लोगों को बताने में प्रत्याशी घर-घर कुंडी खटकाने लगे हैं। दलीय प्रत्याशियों की दौड़ बहुत पहले से ही चल रही है। चुनाव चिन्ह मिलने के बाद भी निर्दलीय भी जनसंपर्क में लग गए हैं।

जिले में नामांकन, नाम वापसी की प्रक्रिया के बाद सोमवार को चुनाव चिन्हों का आवंटन कर दिया गया। चुनाव चिन्ह मिलने के बाद





निर्दलीय प्रत्याशियों ने जनसंपर्क कर अपना चुनाव चिन्ह लोगों को दिखाकर वोट मांगने शुरू कर दिए हैं, जहां दलीय प्रत्याशी चुनाव के लिए महीनों से दौड़भाग कर रहे हैं, वहीं निर्दलीय भी चुनाव चिन्ह मिलने के बाद जनता को सुविधाएं देने का वादा करते हुए जनसंपर्क में जुट गए हैं। दोपहर में गांव के वोटर अपने घरों में होते हैं, तब प्रत्याशी जनसंपर्क का सबसे मुफीद समय सोचकर वोटरों की कुंडी खटकाने में लग गए हैं। गांवों में इन दिनों रबी की कटाई-मड़ाई का काम जोरों पर चल रहा है।

भोर होते ही किसान परिवार सहित खेतों पर पहुंच जाते हैं। धूप बढ़ने पर कामकाज बंद कर वह अपने घर को आ जाते हैं, वहीं दोपहर ढलने के बाद फिर खेतों का रुख कर लेते हैं। दोपहर को किसान अपने घरों को पहुंच जाते हैं। इस समय को जनसंपर्क के लिए बढ़िया अवसर मानकर प्रत्याशी दोपहर को गांवों में मतदाताओं को रिझाने के लिए पहुंच जाते हैं। चुनाव लड़ रहे तमाम प्रत्याशी जो एसी में अपना जीवन गुजारते हैं। एसी वाहनों पर घूमते हैं वह आजकल भरी दोपहर में गांव के गलियारों की खाक छान रहे हैं। हालांकि अब लोग चुनाव को लेकर ज्यादा उत्साहित नहीं होते हैं, लेकिन प्रत्याशी जनता को अपने पक्ष में करने की पूरी कवायद में लगे हुए हैं। चुनाव आयोग की सख्ती के चलते अब चुनाव प्रचार का तरीका बदल गया है। अब शोर शराबे की बजाय जनसंपर्क ही मुख्य रह गया है। जिले में जहां मतदान के लिए 12 दिन शेष बचे हैं। इन शेष दिनों में प्रत्याशी अपनी जी-जान से मेहनत कर रहे हैं। चुनाव चिन्ह मिलने के बाद जनसंपर्क अभियान में और भी तेजी आ गई है।

## एक नजर

### चार शातिर बदमाशों पर लगा गैंगस्टर

**सीतापुर, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के चलते जिले की खैराबाद पुलिस ने गृहभेदन, चोरी, नकबजनी गौवंश निवारण अधिनियम जैसे अपराधों में संलिप्त कुल चार अपराधियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है।पुलिस ने सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया है। खैराबाद पुलिस ने साकिर उर्फ टुंडा पुत्र जंगबहादुर, असगर पुत्र बाबू, लालू उर्फ बशीर पुत्र मुंशी और जाबिर पुत्र जंगबहादुर निवासीगण मोहल्ला पनवडिया थाना खैराबाद के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी है।अभियुक्तों के विरुद्ध जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में पूर्व में कई अभियोग पंजीकृत हैं।

### सेउता में करंट लगने से किशोरी झुलसी

**सेउता/सीतापुर, अमृत विचार।** थानगांव थाना इलाके में घरेलू कनेक्शन से पंखे में उतर रहे करंट की चपेट में आकर एक किशोरी गम्भीर रूप से झुलस गई। परिजनों द्वारा आनन फानन में उसे रेउसा ले जाकर निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है। मालूम हो कि थाना क्षेत्र के मोहल्ला कटरा निवासी 10 वर्षीय सारिका गुप्ता पुत्री गुड्डू गुप्ता मंगलवार को घर के घरेलू कनेक्शन से पंखा का प्लक बोर्ड में लगा रही थी। अचानक करंट की चपेट में आ गई। घर मे मौजूद लोगों में कोहराम मच गया। आननफानन में लेकर परिजनों द्वारा निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया।

### मधुमक्खियों के हमले में एक गोवंश व पालक घायल

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला अंबरसंराय में मधुमक्खियों के हमले से एक गोवंश व पालक घायल हो गया। नगर के मोहल्ला अंबर सराय निवासी धर्मेंद्र पाण्डेय के निवास के निकट जामुन के पेड़ पर लगे मधुमक्खियों के छत्ते पर किसी पंछी ने सुबह चोंच मार दी जिससे नाराज मधुमक्खियों ने अहाते में बंधे पशुओं पर हमला बोल दिया। ऐसे में अहाते में बंधे पशुओं को मधुमक्खियों ने काट-काटकर बेहाल कर दिया। पशुओं को मधुमक्खियों से बचाने पहुंचे पशु पालक कमलेश पाण्डेय 58 वर्ष पर भी मधुमक्खियों ने हमला कर उन्हे भी घायल कर दिया। मधुमक्खियों के हमले से एक गाय अधिक घायल हो गई है। घायल गाय के इलाज के लिए जब विकासखंड स्थित पशु चिकित्सालय में मौजूद कर्मचारी पाल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि हम यहां अकेले हैं, न कोई डॉक्टर है और न ही कोई स्टाफ। हम गाय को देखने घर नहीं जा पाएंगे। पशुपालक कमलेश पांडे ने जिलाधिकारी को आईजीआरएस कर कार्रवाई की मांग की है।

### शस्त्र सहित चार जिला बदर अभियुक्त गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार।** जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने चार जिला बदर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। अभियुक्तों के पास से दो अवैध शस्त्र भी बरामद किए गए हैं। महोली कोतवाली पुलिस ने नीरज पुत्र महेश वर्मा निवासी भुडकुड़ा थाना महोली व मोहित पुत्र किशोरी निवासी ग्राम डुडावल थाना महोली को गिरफ्तार किया है। दोनों अभियुक्तों के पास से पुलिस ने एक एक अवैध शस्त्र व जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। दोनों अभियुक्त छः माह के लिए जिला बदर घोषित किए गए थे।महमूदाबाद पुलिस ने जिला बदर अनिल पुत्र रामकुमार निवासी सैजोरा बाकरपुर थाना महमूदाबाद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।वहीं थाना खैराबाद पुलिस ने जिला बदर अमित पुत्र विनोद निवासी ग्राम मखदूमपुर थाना खैराबाद को मीनापुर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में जेल भेजने की कार्रवाई पूर्ण की है।जिला बदर अभियुक्तों के विरुद्ध पूर्व में कई अभियोग पंजीकृत हैं।

# रेखा वर्मा के समर्थन में पांच मई को आएंगे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

संवाददाता, हरगाव, सीतापुर

- हरगांव स्थित चीनी मिल की लैगून फील्ड में होगी जनसभा
- भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों ने शुरू किया डेरा डालना

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में लखीमपुर, सीतापुर तथा धौरहरा के भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच मई को हरगांव स्थित चीनी मिल की लैगून फील्ड में एक विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल ने दी।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री धौरहरा लोकसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी रेखा अरुण वर्मा के समर्थन में 5 मई को एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इसकी सूचना मिलते ही भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों ने सोमवार शाम से ही डेरा डाल दिया है। जिला प्रशासन भी अलर्ट मोड में है। जिलाधिकारी अनुज सिंह व पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र, क्षेत्राधिकारी सदर सतीश चंद्र शुक्ल, उपजिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र द्विवेदी, उपजिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम व अन्य अधिकारी सभास्थल पर पहुंचे और हेलीपैड स्थल तथा सभास्थल का बारीकी से मुआयना कर हर पहलू पर अधीनस्थों से वार्ता की। निरीक्षण के समय चीनी मिल के अधिशाषी उपाध्यक्ष सूरवीर सिंह भी मौजूद रहे। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक ने इस संबंध में पदाधिकारियों एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं के साथ ग्रीन फील्ड विद्यालय सभागार में एक बैठक की। सोमवार रात्रि क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, नीरज वर्मा तथा राजेश शुक्ल भी पहुंचे थे। इस मौके पर पर दिनेश तिवारी, जिला प्रभारी नीरज सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, धौरहरा लोकसभा प्रभारी संतोष सिंह, अजय गुप्ता, राहुल जायसवाल, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सचिन मिश्रा सहित स्थानीय नेता मौजूद रहे।

# एसपी ने हेलीपैड का किया निरीक्षण

## तैयारी

- गृहमंत्री अमित शाह का कल लहरपुर में होगा आगमन



अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते एसपी चक्रेश मिश्र। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** गुरुवार को गृहमंत्री भारत सरकार अमित शाह के लहरपुर आगमन को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर है। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने मंगलवार को तहसील के निकट पक्का तालब तीर्थ के समक्ष राजनाथ सिंह मैदान का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस मौके पर उन्होंने हेलीपैड का भी निरीक्षण किया और कमियों को तत्काल दुरुस्त करने के लिए कहा। इस मौके पर प्रमुख रूप अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रवीण रंजन सिंह, उपजिलाधिकारी आकांक्षा गौतम, सीओ सुशील कुमार, कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. आनंद मित्रा, सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी विवेक चौरसिया, एसडीओ विद्युत, भाजपा पूर्व विधायक सुनील वर्मा, बबलू सिंह, वीरेंद्र पुरी, रामजीवन जायसवाल, मनोज गुप्ता, प्रधान संघ अध्यक्ष महेश वर्मा, विवेक शुक्ला आदि उपस्थित थे।

# मतदान के प्रति प्रेरित करेंगे कूड़ा कलेक्शन वाहन

## चुनावी जिंगल गीत के माध्यम से कूड़ा कलेक्शन के साथ 30 वार्डों में चलेगा जागरूकता अभियान

अभिषेक सिंह, सीतापुर

## मुहिम

- नपा प्रशासन सीतापुर ने शुरू किया अभियान,
- मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू हुआ अभियान

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के चैथे चरण के मतदान को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और मतदाताओ को जागरूक करने के उद्देश्य से नगर पालिका प्रशासन सीतापुर नई कवायद शुरू करने जा रहा है। शहर में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए बुधवार रात से वार्डों में डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां गीत के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने का काम करेगी। जागरूकता अभियान को नगर पालिका ईओ वैभव त्रिपाठी की देखरेख में शुरू किया जायेगा। अभियान को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

भीषण गर्मी और हीट वेब के चलते लोकसभा के दो चरणों में मतदान प्रतिशत कम होने के बाद जिला प्रशासन ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप के माध्यम से विभिन्न अभियान चला रहा है। बावजूद इसके नगर पालिका प्रशासन भी रात के अँधेरे में वार्डों की गलियों में घूमकर लोगों के कानों तक गीत के माध्यम से जागरूक करने का काम करने जा रहा है। दिन के उजाले में व्यस्ततम समय में लोगों द्वारा ध्यान न देने पर नगर पालिका सीतापुर प्रशासन ने जागरूकता अभियान को रात के उजाले में चलाने का निर्णय लिया है। कूड़ा गाड़ियों पर साउंड की मदद से लोगों को जागरूक करने के साथ डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने का काम भी किया जायेगा। इस प्रकार वोटरों को जागरूक किया जाएगा। नगर पालिका सीतापुर के इस प्रयास के बाद लोगों में मतदान करने के लिए उत्साह देखने को मिल सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज सिंह ने मतदाताओं को जागरूक करने की नगर पालिका सीतापुर के इस प्रयास की सराहना की है।




वार्डों में कूड़ा कलेक्शन के साथ लाउडस्पीकर के माध्यम से जागरूक करते नपा के वाहन। अमृत विचार

### मतदान केंद्रों पर शीतल जल की होगी व्यवस्था

13 मई को होने वाले मतदान को लेकर नगर पालिका प्रशासन द्वारा शहर के 46 मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को हीट वेब और भीषण गर्मी से बचाने के लिए पंडाल लगाकार छाया का प्रबंध किया जायेगा। इसके साथ सभी 46 मतदान केंद्रों पर प्रत्येक मतदान केंन्द्र 15 वाटर कूलर का प्रबंध किया जाएगा।

> शहर में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से नगर पालिका की 30 कूड़ा कलेक्शन गाड़ियों से नागरिकों को प्रत्येक वार्ड में जागरूक करने का काम आज रात से युद्धस्तर पर किया जायेगा। दिन की अपेक्षा रात के अँधेरे में लोग नगर पालिका की इस अपील को सुनकर 13 मई को देशहित में मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर मतदान अवशय करेंगे।
>
> –वैभव त्रिपाठी, नगर पालिका सीतापुर, ईओ श्रेणी वन



### चौराहों पर लाउडस्पीकर से किया जायेगा जागरूक

जिले में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने और लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से नगर पालिका शहर के सभी चैराहों को लाउडस्पीकर के माध्यम से मतदान करने के फायदे और नुकसान को बताकर जागरूकता अभियान को तेज करने का प्रयास शुरू कर दिया गया है। शहर के लालबाग चैराहा, आंख अस्पताल, सिविल लाइन, जीआईसी, मन्नी चैराहा सहित चुंगी चैकी, बस स्टॉप सहित रेलवे स्टेशन पर जागरूकता गीतों के माध्यम से जागरूक करने का काम किया जायेगा।

## सार-संक्षेप

### शीर्ष नेतृत्व की चुनावी जनसभाओं को लेकर तैयारी शुरू



जनसभा स्थल का निरीक्षण करते पार्टी पदाधिकारी। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** जिले में भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की होने वाली चुनावी जनसभाओं को लेकर पार्टी द्वारा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला के नेतृत्व में कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से शुरू की जा चुकी हैं। इसी क्रम में आगामी दो मई को सदर लोकसभा की लहरपुर विधानसभा में केंद्रीय गृहमंत्री व पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा अमित शाह चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। साथ ही आगामी 5 मई को धौरहरा लोकसभा की हरगांव विधानसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम प्रस्तावित है। जिसके लिए जिला अध्यक्ष द्वारा कार्यक्रम स्थल का लगातार जायजा लिया जा रहा है एवं समस्त आवश्यक संसाधनों को जुटाया जा रहा है। पार्टी पदाधिकारी एवं जिम्मेदारों के साथ लगातार संपर्क रख के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जा रही है।

### घर से कुछ दूर पड़ा मिला नाच देखने गये युवक का शव



विलाप करते मृतक के परिजन। अमृत विचार

**तालगांव, सीतापुर, अमृत विचार।** तालगांव के दौदापुर गांव निवासी शुभम (18) पुत्र विनोद सोमवार को करीब साढ़े आठ बजे गांव में हो रंगारंग नृत्य कार्यक्रम को देखने गया था। नाच देख रहे लोग बताते हैं कि उसके मोबाइल पर फोन आया तो वह कार्यक्रम छोड़ कर चला गया। रात करीब साढ़े ग्यारह बजे घरवालों को सूचना मिली कि गांव के ही शत्रोहन के घर के पास शुभम बेसुध अवस्था में पड़ा है। ऐसे में परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों के अनुसार शुभम की जुबान बाहर निकली थी, पैंट में लैट्रिन और पेशाब कर रखी थी। उसका मोबाइल भी वहीं पर पड़ा था। ग्रामीण के अनुसार शुभम प्राथमिक विद्यालय के पास रात करीब ग्यारह बजे फोन से किसी से बात कर रहा था। उसके बाद यह हादसा हुआ है। वहीं पड़ोस में ही ग्राम पंचायत ने कैमरा भी लगाया हुआ है। मृतक के पिता विनोद ने एक से अधिक लोगों पर हत्या किए जाने व मोबाइल कॉल डिटेल मिटाने का गंभीर आरोप लगाते हुए तालगांव कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया मृतक युवक का मोबाइल फोन कब्जे में ले लिया गया है और शव को पीएम के लिए भेजा गया हैं। केस दर्ज कर उचित करवाई की जायेगी।

### इंजन के पट्टे में फंसकर महिला की मौत



घटनास्थल पर आवश्यक कार्रवाई करती पुलिस। अमृत विचार

**लहरपुर।** लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जल्लापुर महसी में मंगलवार को संजय अपने खेत में काम कर रहा था, उसकी पत्नी सुधीरा 32 वर्ष उसके लिए खाना लेकर गई थी, खेत में चल रहे इंजन से पानी भरते समय सुधीरा की साड़ी इंजन के पट्टे में फंस गई जब तक इंजन को बंद कर उसे बचाया गया, तब तक वह बुरी तरह से घायल हो गई, ग्रामीणों की मदद से घायल महिला को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अचानक हुई इस दुर्घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रसाद वर्मा ने बताया कि, शव को पीएम के लिए भेजा गया है, कोई आरोप प्रत्यारोप नहीं है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की करवाई की जायेगी।

### चुनाव, शिक्षा, नामांकन, सफाई उपस्थिति पर की चर्चा



खंड शिक्षा अधिकारी का अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते प्रधानाचार्य।

**रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार।** रानी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रामपुर मथुरा में खंड शिक्षा अधिकारी ने परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की मासिक समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक खंड शिक्षा अधिकारी उदयमणि पटेल ने चुनाव, शिक्षा, नामांकन, सफाई उपस्थिति समेत विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह ने खंड शिक्षा अधिकारी का माल्यार्पण कर अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। खंड शिक्षा अधिकारी उदयमणि पटेल ने बताया कि 187 परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ मासिक बैठक की गई है। जिसमें बच्चों की उपस्थिति, शिक्षकों की उपस्थिति, नामांकन संख्या में वृद्धि, मतदाता जागरूकता, साफ-सफाई समेत अन्य विषयों पर चर्चा करके दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

# कोई भी मतदान को प्रभावित करे, तुरंत सूचना दें

**सीतापुर, अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से सामान्य प्रेक्षक शिव शंकर (आईएएस) एवं पुलिस प्रेक्षक डॉ. नीरजा गोटरू राव (आईपीएस) की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान प्रेक्षकगणों ने निर्वाचन में सभी को एक सामान्य अवसर मिलना चाहिये, किसी के साथ कोई भी भेदभाव नहीं होना चाहिये। इसी उद्देश्य से हम लोग आपके सामने उपस्थित हुये हैं।

उन्होंने कहा कि सभी को मतदान से पहले का रोस्टर मिल गया होगा, जिसके अनुसार ही आप सभी लोग अपने-अपने एजेण्टों की नियुक्ति कर दें ताकि मतदान पूरी पारदर्शिता एवं सुचिता के साथ सम्पन्न हो। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी विशेष समुदाय का व्यक्ति, पार्टी आदि किसी भी प्रकार का मतदान को प्रभावित करने के लिए दबाव बनाते हैं तो उसकी सूचना तत्काल उपलब्ध करायी जाये। पुलिस प्रेक्षक डॉ. नीरजा गोटरू राव ने कहा कि सुरक्षा एवं लॉ एंड आर्डर के लिए कोई भी शिकायत प्राप्त होती है तो उसकी सूचना तत्काल उपलब्ध करा दी जाये। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील बूथों पर भी विशेष निगरानी रखी जायेगी। किसी भी पार्टी को कोई शिकायत होती है तो उसकी सूचना ऑनलाइन सी-विजिल के माध्यम से कर सकते हैं। शिकायत के निस्तारण हेतु निरन्तर भ्रमणशील रहकर टीमें कार्य कर रही हैं। सी-विजिल पर शिकायत प्राप्त होने के 100 मिनट के अन्दर उसका निस्तारण कर दिया जाता है तथा सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की है कि जो भी शिकायत की जाये, वह पूरे साक्ष्य के साथ प्रस्तुत की जाये तथा किसी प्रकार की फेक शिकायत न की जाये। कन्ट्रोल रूम में 1950 के माध्यम से भी आप लोग अपनी शिकायतों को दर्ज कर निस्तारण करा सकते हैं।

प्रेक्षकों ने बताया कि 85 से ऊपर वृद्ध नागरिकों को मतदान के लिये आपको पहले से ही सूची उपलब्ध करा दी जायेगी ताकि आप वहां पर भी अपना एजेण्ट को नियुक्त कर दें। सारी प्रक्रिया वैसी ही रहेंगी, बस मतदान स्थल उनका घर रहेगा। प्रेक्षकगणों ने सभी प्रतिनिधियों से कहा कि जो भी एजेण्ट नियुक्त किये जायें, उनका प्रशिक्षण जरूर करा दें, ताकि मतदान के दिन किसी प्रकार की कोई दिक्कत न होने पाये और मतदान पारदर्शिता, सुचितापूर्ण एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो सके। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुनील कुमार, नगर मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राखी वर्मा, क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।




सभागार में अधिकारियों व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी देते प्रेक्षक।

### पुलिस प्रेक्षक ने अंतर्जनपदीय बैरियरों का किया निरीक्षण

**रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार।** सीतापुर लोकसभा क्षेत्र के लिए निर्वाचन आयोग से भेजी गईं पुलिस प्रेक्षक आईपीएस नीरजा मंगलवार को रामपुर मथुरा पहुंचीं। उन्होंने सीओ दिनेश शुक्ला, प्रभारी निरीक्षक महेश चंद्र पांडे के साथ की सीमा क्षेत्रों के दोनों अंतर्जनपदीय जिसमें तुतहीपुर, रायसेनपुर, गोंडा देवरिया, इंटिया बैरियरों का निरीक्षण किया। तत्पश्चात एडीजी रैंक पर तैनात अधिकारी ने सघन चेकिंग अभियान का भी जायजा लिया और मातहतों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की है कि अधिक से अधिक मतदाता अपने मत का निर्भीक होकर मतदान करें। निरीक्षण के दौरान उनके साथ सीओ दिनेश शुक्ला, प्रभारी निरीक्षक महेश चंद्र पांडे, वरिष्ठ उपनिरीक्षक फूलचंद सरोज, उपनिरीक्षक अशोक सोनकर, संजय सिंह, उमाकांत सविता और समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# 700 लीटर शराब के साथ 5 गिरफ्तार

**सीतापुर।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस ने अवैध शराब की उत्पादकता और बिक्री पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चला रखा है। चेकिंग के दौरान सात सौ लीटर अवैध शराब व दो भट्टी बरामद की गई है। पुलिस ने घटना में संलिप्त कुल पांच अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया है।

मानपुर पुलिस टीम और आबकारी की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान ग्राम खरैला गांव के निकट स्थित तालाब किनारे से अवैध शराब निष्कर्षण और बिक्री आदि करते हुए प्रदीप कुमार पुत्र भारत पासी, आशाराम पुत्र सतनू पासी, मुकेश कुमार पुत्र राजाराम पासी निवासीगण ग्राम नसीरपुर, हरिमोहन पुत्र कढ़िले लोधी निवासी करौदीपुर व राजकुमार पुत्र मंगूलाल निवासी अहमदपुर थाना मानपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस व आबकारी टीम ने करीब सात सौ लीटर अवैध शराब सहित दो भट्टी बरामद की है। इसके साथ ही पुलिस ने 9.50 क्विंटल लहन भी नष्ट कराया है। प्रभारी निरीक्षक दिलीप चौबे ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध संबंधित प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई गई है।

## आयोजन

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विभिन्न विद्यालयों व स्थलों पर की गई चुनावी पाठशाला

# अधिकारियों ने मतदान के प्रति लोगों को किया जागरूक

**सीतापुर, अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए चुनावी पाठशाला का आयोजन मंगलवार को विभिन्न विद्यालयों एवं स्थलों पर किया गया। जिसमें पूर्व माध्यमिक विद्यालय बालक शेख सराय, प्राथमिक विद्यालय सरना विकासखण्ड ऐलिया, प्राथमिक विद्यालय बिजवार, प्रा. वि. बरियारपुर, प्राथमिक विद्यालय टिकरिया, आबकारी विभाग द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए प्राथमिक विद्यालय पीतपुर, प्राथमिक विद्यालय हेमपुर में चुनावी पाठशाला का आयोजन किया।




प्राथमिक विद्यालय सरना में मतदान की अपील करते बच्चे व शिक्षकों के साथ जिला सूचना अधिकारी लाल कमल। अमृत विचार

स्थानीय लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक किया गया और बीएलओ, स्कूल स्टाफ, आस-पास के नागरिक व बच्चों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। हेमपुर ग्राम सभा की महिला एवं पुरुष मतदाता, ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, सहायक विकास अधिकारी कृषि, खंड विकास अधिकारी एलिया एवं भूमि संरक्षण अधिकारी सीतापुर उपस्थित रहे। विभिन्न बूथों पर जिला टीबी रोग अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, सचिव, लेखपाल व विभिन्न बूथों पर प्रशासन द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी की उपस्थिति में मतदान के प्रति लोगों को मतदान करने हेतु चुनावी पाठशाला का आयोजन कर जागरूक किया गया, जिससे जनपद में अधिक से अधिक मतदान हो और मतदान प्रतिशत बढ़ सके।

# 189.25 लाख क्विंटल की पेराई के बाद सत्र का समापन

**हरगांव, सीतापुर, अमृत विचार।** चीनी मिल हरगांव के पेराई सत्र का सोमवार की रात्रि में समापन हो गया। मिल ने 3 नवंबर 2023 को पेराई सत्र 23-24 का शुभारंभ किया और 29 अप्रैल को रात्रि 11 बजे संपूर्ण क्षेत्र के पेराई योग्य गन्ने की पेराई कर सत्र का समापन किया। मिल ने 179 दिन में 189.25 लाख कुंतल करने की पेराई की है। समय से वर्षा न होने से इस बार औसत पैदावार कम थी। चीनी मिल के अधिशासी उपाध्यक्ष शरद सिंह ने किसानों से अपील की है कि अपने पौधे और पेड़ी के खेतों में समय-समय पर सिंचाई, खाद एवं दवा जिसकी जरुरत हो तभी चीनी मिल अधिकारी से सलाह लेने के बाद ही क्रय करें। अनावश्यक रुप से दवाओं का प्रयोग न करें। गन्ना सर्वे प्रारभ हो चुका है अतः खेतों पर रहकर अपने गन्ने का त्रुटिरहित सर्वे करवा लें।

## एक नजर

### 955 परीक्षार्थियों ने दी पीएचडी की प्रवेश परीक्षा

**अयोध्या।** अवध विश्वविद्यालय की पीएचडी प्रवेश परीक्षा मंगलवार को पर्यवेक्षकों एवं केन्द्राध्यक्षों की कड़ी निगरानी में सकुशल हुई। मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि 28 विषयों की इस परीक्षा में पंजीकृत 1498 परीक्षार्थियों में से 955 की उपस्थिति रही। जबकि 543 परीक्षा में शामिल नहीं हुए। परीक्षा के लिए आवासीय परिसर के अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग, भौतिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग, गणित एवं सांख्यिकी विभाग, प्रचेता भवन व दीक्षा भवन को केन्द्र बनाया गया था।

### डॉ. उत्तम बने सीएमएस

**अयोध्या।** जिला अस्पताल के प्रभारी सीएमएस डॉ. अरुण कुमार मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। उन्होंने अस्पताल के ही एनेस्थेटिस्ट डॉ. उत्तम कुमार को प्रभारी सीएमएस का चार्ज सौंपा है। विदाई समारोह में डॉ. उत्तम कुमार ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप और मरीजों की भलाई कर ही काम किया जाएगा। मेरा पूरा जोर अस्पताल को सुचारु रूप से चलाने पर होगा।

### कूड़े की चिंगारी से लगी आग, छह बीघा गेहूं जला

**अयोध्या।** औद्योगिक नगर चौकी क्षेत्र अंतर्गत रायपुर गांव निवासी सोहावल के दस्तावेज लेखक कन्हैया बक्स सिंह का खेतों में बांध कर रखाछह बीघे खेत का गेंहू अचानक लगी आग की चपेट में आकर जलकर राख हो गया। ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड की गाड़ी के प्रयास से भी लगी आग नहीं रोकी जा सकी। पीड़ित किसान ने आरोप लगाया कि खेतों के कुछ दूर पर घूर गड्ढे की जमीन है गांव वाले वहां पर कूड़ा नहीं फेंकते और मेरे खेतों में कूड़ा फेंक देते हैं।

# भाजपा की हैट्रिक के सामने बसपा व गठबंधन की टीम

## बसपा और भारतीय जनता पार्टी से दो-दो बार चुनाव जीतकर अपनी मजबूती का परिचय दे चुके हैं भाजपा प्रत्याशी

महासंग्राम

- कांग्रेस और सपा का बना गठबंधन, बसपा भी बिछायेगी कांटे

अयाज अहमद, सीतापुर


राजेश वर्मा (भाजपा)।


राकेश राठौर (गठबंधन)।


महेंद्र यादव (बसपा)

**अमृत विचार।** गंगा जमुनी तहजीब समेटे सीतापुर जनपद में इस बार लोकसभा चुनाव दिलचस्प होने के आसार हैं। इस सीट पर सबसे पहले भाजपा ने अपना प्रत्याशी घोषित किया है। लगातार दो बार चुनाव जीत चुके राजेश वर्मा पर पार्टी ने अपना भरोसा बरकरार रखा है। वहीं गठबंधन (सपा-कांग्रेस) ने 2019 में प्रत्याशी रहे नकुल दुबे पर अपना दांव लगाया था, लेकिन नकुल दुबे का जबरदस्त विरोध होने की वजह से गठबंधन को अपना प्रत्याशी बदलना पड़ा। ऐसे में कई लोगों ने अपनी दावेदारी जताई और आखिरकार भाजपा से 2017 में विधायक रहे राकेश राठौर की चुनाव लड़ने की हसरत पूरी हुई। बसपा ने भी भाजपा के बिसवां से 2017 में विधायक रहे महेंद्र यादव पर दांव लगाया है, क्योंकि भाजपा से पहले 2014 तक ये सीट बसपा के खाते में थी।

देखा जाये तो सीतापुर लोकसभा की सीट का इतिहास काफी रोचक है और राजनीति में कब क्या हो जाये, कौन दुश्मन दोस्त बन जाये और कौन दोस्त या साथी आमने-सामने आ जाये, इसका उदाहरण पेश करता है। बात करते हैं 1999 लोकसभा चुनाव की, राजेश वर्मा ने बसपा की झोली में ये सीट डाली थी। 2004 में भी यही परिणाम रहा। राजेश वर्मा ने चुनाव जीतकर सीट पर अपना कब्जा बनाये रखा, लेकिन 2009 के चुनाव से पहले लहरपुर से बसपा विधायक जासमीर अंसारी ने अपनी पत्नी कैसर जहां के लिए लोकसभा चुनाव की दावेदारी जता दी। ऐसे में पार्टी दुविधा में पड़ गई। बाद में इस सीट से कैसर जहां को पार्टी ने अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया और दो बार चुनाव जीत चुके राजेश वर्मा को धौरहरा सीट का टिकट दे दिया। हालांकि प्रत्याशी बदलने से परिणाम नहीं बदला। कैसर जहां ने चुनाव जीत लिया और इस सीट पर बसपा की बादशाहत बनाये रखी। वहीं दूसरी राजेश वर्मा धौरहरा से चुनाव हार गये। ऐसे में उन्होंने बसपा का साथ छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया। 2014 में मोदी लहर और अपने पुराने समर्थकों की बदौलत राजेश वर्मा एक बार फिर सीतापुर के सांसद बने। इस चुनाव की खास बात ये रही कि उन्होंने अपनी पुरानी पार्टी बसपा के प्रत्याशी और 2009 के चुनाव में उनकी जगह चुनाव लड़ने वाली कैसर जहां को शिकस्त दी। जिससे उन्होंने एक तीर से दो शिकार किये। सपा से चुनाव लड़ रहे भरत त्रिपाठी ने भाजपा की राह आसान की।

वहीं 2019 के चुनाव में समीकरण बदले और बसपा-सपा का गठबंधन हुआ। जिसमें इस बार बसपा ने नकुल दुबे को अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया, जिससे बसपा से चुनाव लड़ने वाली कैसर जहां ने विकल्प तलाशा और एक मजबूत उम्मीदवार ढूंढ रही कांग्रेस का हाथ थामा, लेकिन वह कोई खास जादू नहीं दिखा पाईं। हां, इतना जरूर हुआ कि कैसर जहां ने 2014 के चुनाव में जिससे शिकस्त खाई, उसे फायदा जरूर पहुंचा दिया। उन्होंने सपा-बसपा के मुस्लिम वोटों में सेंध लगाई और लगभग उतने ही वोट हासिल किये, जितने वोटों से राजेश वर्मा ने 2019 का चुनाव जीता। यहां ये भी बता दें कि चाहे राजेश वर्मा हों, कैसर जहां या फिर नकुल दुबे। ये तीनों एक ही पार्टी बसपा में कभी एक साथ थे, लेकिन राजनीति के बदलते दौर में कभी एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़े, कभी एक दूसरे का टिकट काटा तो कभी अंजाने में एक दूसरे को फायदा पहुंचा दिया। फिलहाल राजेश वर्मा की हैट्रिक लगाने की आस लगाये हैं तो दूसरी तरफ गठबंधन इस सीट पर जीत की तलाश में है। वहीं बसपा भी इस सीट पर अपनी पुरानी बादशाहत वापस पाने के लिए हर संभव जुगत लगा रही है।

**लोकसभा 2019 का चुनाव परिणाम**

| प्रत्याशी | पार्टी | वोट मिले |
|---|---|---|
| राजेश वर्मा | भाजपा | 5,08,654 |
| नकुल दुबे | गठबंधन | 4,08,812 |
| कैसर जहां | कांग्रेस | 95, 694 |

**लोकसभा 2014 का चुनाव परिणाम**

| प्रत्याशी | पार्टी | वोट मिले |
|---|---|---|
| राजेश वर्मा | भाजपा | 4,17,546 |
| कैसर जहां | बसपा | 3,66,519 |
| भरत त्रिपाठी | सपा | 1,46,170 |

**सीतापुर लोकसभा सीट में कौन-कौन बना सांसद**

| क्रमांक | वर्ष | प्रत्याशी | पार्टी |
|---|---|---|---|
| 1. | 1952 | उमा नेहरू | कांग्रेस |
| 2. | 1957 | उमा नेहरू | कांग्रेस |
| 3. | 1962 | सूरज लाल वर्मा | जनसंघ |
| 4. | 1967 | शारदानंद दीक्षित | जनसंघ |
| 5. | 1971 | जगदीश चंद्र दीक्षित | कांग्रेस |
| 6. | 1977 | हरगोविंद वर्मा | भारतीय लोक दल |
| 7. | 1980 | राजेंद्र कुमारी बाजपेई | कांग्रेस |
| 8. | 1984 | राजेंद्र कुमारी बाजपेई | कांग्रेस |
| 9. | 1989 | राजेंद्र कुमारी बाजपेई | कांग्रेस |
| 10. | 1991 | जनार्दन मिश्र | भाजपा |
| 11. | 1996 | मुख्तार अनीस | सपा |
| 12. | 1998 | जनार्दन मिश्र | भाजपा |
| 13. | 1999 | राजेश वर्मा | बसपा |
| 14. | 2004 | राजेश वर्मा | बसपा |
| 15. | 2009 | कैसर जहां | बसपा |
| 16. | 2014 | राजेश वर्मा | भाजपा |
| 17. | 2019 | राजेश वर्मा | भाजपा |

## शस्त्र फैक्ट्रियों का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जिले में चलाए जा रहे अवैध शस्त्रों के अभियान के तहत पुलिस ने दो थाना क्षेत्रों में अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ करने का दावा किया। थाना रामकोट व सकरन पुलिस ने मुखबिरों की सूचना पर अलग-अलग क्षेत्रो में छापेमारी करते हुए दो दर्जन से अधिक अवैध शस्त्रों का जखीरा बरामद किया है। पुलिस ने दोनों जगहों से दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की है।

सीओ सिटी अमन सिंह के नेतृत्व में रामकोट थाना क्षेत्र की पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का संचालन करते हुए शातिर अपराधी राजकुमार उर्फ बबलू पुत्र भगवानदीन निवासी पिपरी मिश्र थाना रामकोट को रेलवे लाइन के पास पिरई नदी के किनारे भट्ठे के खदान बृहद ग्राम रमपुरवा से गिरफ्तार किया है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने अभियुक्त की फैक्ट्री से आठ निर्मित, पंद्रह अर्धनिर्मित, तीन जिंदा कारतूस व भारी मात्रा में अवैध शस्त्र निर्माण में सहायक उपकरण बरामद किए गए हैं। इसी प्रकार सकरन थानाध्यक्ष दिग्विजय पांडेय के नेतृत्व में पुलिस ने चेकिंग के दौरान अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने क्षेत्र के अल्लीपुर गांव के उत्तर चैका नदी के पास खेत से अवैध शस्त्रों का निर्माण करते हुए साबिर अली पुत्र बाबू निवासी कुटीपुरवा मजरा लखुवाबेहड़ थाना सकरन को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि अभियुक्त के कब्जे से तीन निर्मित, चार अर्द्धनिर्मित शस्त्र, चार अर्द्धनिर्मित बॉडी, चार जिंदा व खोखा कारतूस तथा भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। अभियुक्त के विरुद्ध लखीमपुर व सीतापुर के विभिन्न थानों में कुल 16 मुकदमे पूर्व से पंजीकृत है। सीओ सिटी अमन सिंह ने बताया सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।

# चुनाव में पूरी ताकत से जुट जाएं कार्यकर्ता : मंत्री

**सीतापुर, अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर उत्तर प्रदेश सरकार के सहकारिता मंत्री व क्लस्टर प्रभारी जेपीएस राठौर ने जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि, जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला, जिला प्रभारी नीरज सिंह एवं लोकसभा प्रभारी दिनेश तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी व दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। जिला अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि को मोमेंटो व पटका पहनकर सम्मानित किया।


कार्यकर्ताओं को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला। अमृत विचार

बैठक की शुरुआत करते हुए मंत्री व कलेक्टर प्रभारी जेपीएस राठौर जनप्रतिनिधियों से चुनाव की तैयारियों की जानकारी प्राप्त की और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि अब चुनाव में बहुत कम समय बचा है ऐसे में प्रत्येक जिम्मेदार पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि अपने दायित्वों व कर्तव्यों का अनुशासन पूर्वक निर्वहन करें एवं पार्टी के निर्देशों का पालन करते हुए भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करवाने के निर्देश दिए। जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि सीतापुर के जनप्रतिनिधियों को जिले की चारों लोकसभाओं में भाजपा को भारी बहुमत से विजई बनाने के लिए अपना संपूर्ण प्रयास करना है। ऐसे में पार्टी के प्रत्येक पदाधिकारी को सक्रियता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना है। इस अवसर बैठक को जिला प्रभारी नीरज सिंह लोकसभा प्रभारी दिनेश तिवारी ने भी संबोधित किया। बैठक में एमएलसी पवन सिंह चैहान, विधायक महोली शशांक त्रिवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर, भाजपा नेता शिवकुमार गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष सीतापुर नेहा अवस्थी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि खैराबाद अभिषेक गुप्ता सहित जिला पंचायत सदस्य ब्लॉक प्रमुख सभासदगण उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन विश्राम सागर राठौर ने किया।

# नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पदभार हस्तान्तरित

**सीतापुर, अमृत विचार।** मंगलवार को एल्डर्स कमेटी के वरिष्ठ सदस्य मृत्युंजय बक्ष श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बार एसोसिएशन सभागार में आम सभा आहूत की गयी।

आम सभा में एल्डर्स कमेटी के सदस्यगण राम मनोहर भार्गव, शत्रुघन सिंह चौहान, शिव दत्त शुक्ल तथा चुनाव में नियुक्त किये गये सहायक चुनाव अधिकारी हारिश कमाल अय्यूबी, देव भानु सिंह, राजेश मेहरोत्रा, बृजेन्द्र कुमार अवस्थी, श्रीराम रस्तोगी तथा अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं की उपस्थिति में एल्डर्स कमेटी ने विजयी प्रत्याशियों अध्यक्ष पद पर विजय कुमार अवस्थी, महासचिव पद पर दिनेश कुमार त्रिपाठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर इशरत अली खॉ, कोषाध्यक्ष पद पर राम प्रताप सिंह, ज्येष्ठ उपाध्यक्ष पद पर कुलदीप कुमार पाण्डेय (दीपक)


सभागार में बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारी। अमृत विचार

व आशुतोष बाजपेई व कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अम्बरीश शुक्ला, व आरती राय, संयुक्त सचिव प्रशासनिक पद पर कौशलेन्द्र सिंह, संयुक्त सचिव पुस्तकालय पद पर सुबोध कुमार, संयुक्त सचिव प्रकाशन पद पर शैलेन्द्र कुमार मिश्र, वरिष्ठ कार्यकारिणी पद पर आलोक कुमार मिश्र 2, अतीक खॉ, भूपेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, पुनीत कुमार श्रीवास्तव, प्रेम रत्न कटियार, विकास वर्मा एवं कनिष्ठ कार्यकारिणी पद पर बलीग खॉ, नेहा कुलसुम, नरेन्द्र चतुर्वेदी, राम कृश्ण तिवारी, सविता, प्रेम नरायण शुक्ला की अधिकृत घोषणा की और सभी सम्मानित सदस्यों को चुनाव परिणामों से अवगत कराया गया। वहीं नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर पूर्व कार्यकारिणी ने अपना पदभार हस्तान्तरित किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष राम नरेश मिश्र, हरीश त्रिपाठी एवं मुकुल मिश्र, अरबिन्द मिश्र, राज कमल त्रिपाठी, दिनेश मौर्य, संजय सिंह, राजेन्द्र भट्ट, घनश्याम सिंह, अखिलेश मिश्र, श्रवण कुमार श्रीवास्तव, शिव नरायण मिश्र, राम कुमार मिश्र, अरूण कुमार मिश्र, जीतेन्द्र कुमार शुक्ल, अरूण कुमार मिश्र, गिरीश पाण्डेय, पूर्व कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार वर्मा (टल्लन), शीवेन्द्र प्रताप वर्मा, आदित्य वर्मा, मिथिलेश कुमार, दीपक, रोहित, प्रमोद दीक्षित, बृजेश चन्द्र, अशोक आदि उपस्थित रहे।

# शत्रु संपत्ति में बंदरबांट जांच में खुलेंगे कई रहस्य

**महमूदाबाद, अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत बड़ा भूभाग शत्रु संपत्ति में दर्ज है। ऐसे में कुछ लोग शत्रु संपत्ति की जमीनों में हेर फेर करवाकर मोटा माल कमा रहे हैं। अधिकतर शत्रु संपत्ति की जमीनों या इमारतों पर लोग काबिज हैं तो ये भी माना जा सकता है कि बड़े पैमाने पर सरकार का नुकसान हो रहा है। दरअसल एक स्थानीय ने आईजीआरएस के माध्यम से राजस्व विभाग से शिकायत की है।

उन्होंने आरोप लगाया है कि तहसील के उत्तरी गेट के सामने गाटा संख्या 554 पर दारुल उलूम हनफिया नामक मदरसा है। जो काफी सालों


शत्रु संपत्ति पर खुली दुकान। अमृत विचार

से बंद पड़ा हुआ है। प्रार्थी का आरोप है कि सलमान पुत्र स्वर्गीय असलम निवासी मोहल्ला कटरा द्वारा मदरसे की दुकानों पर अवैध कब्जा किया गया है और दुकानें सुचारू रूप से संचालित भी हैं। प्रार्थी का दावा तो यह भी है कि कब्जे वाली दुकानें जो शत्रु संपत्ति पर बनी हुई है वह करोड़ों की हैं।


एयरपोर्ट से बाहर निकलते मिजोरम के राज्यपाल।

### मिजोरम के राज्यपाल ने किये रामलला के दर्शन

**अयोध्या, अमृत विचार :** मिजोरम के राज्यपाल डॉ. कंभमपति हरीबाबू ने मंगलवार को रामलला के दर्शन किये। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रोटोकॉल के तहत उनका स्वागत किया। इसके बाद सबसे पहले सरयू घाट पहुंचे। राम की पैड़ी की खूबसूरती को देखा। उसके बाद हनुमान गढ़ी पर दर्शन पूजन करने के बाद रामलला के दरबार पहुंचे। राम मंदिर के पास खड़े होकर फ़ोटो भी खिंचाई। उन्होंने कहा कि यह मेरा पहला दौरा था। यहां का दृश्य बहुत सुंदर है।


रामलला का दर्शन पूजन करते निरहुआ व उनकी पत्नी।

### नामांकन करने से पहले निरहुआ ने लिया रामलला का आशीर्वाद

**अयोध्या, अमृत विचार :** भोजपुरी अभिनेता व आजमगढ़ के सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ और अभिनेत्री आम्रपाली दुबे मंगलवार को अयोध्या पहुंचे। दोनों ने रामलला का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। नामांकन करने से पहले रामलला की शरण में पहुंचे आजमगढ़ के सांसद निरहुआ ने कहा कि हम लोगों का है सौभाग्य की हमारे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो गई है। बुधवार को नामांकन है। प्रभु के चरणों में शीश झुकाने आया हूं। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने विपक्ष पर भी हमला बोला। कहा, विपक्ष पूर्ण रूप से खत्म है। राम के दुश्मन सब जेल जाएंगे। 400 सीट जीतकर फिर मोदी ही आएंगे।


रामलला का दर्शन करने पहुंचे आकाश अंबानी।

### आकाश अंबानी ने किया रामलला का दर्शन -पूजन

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला का दर्शन करने के लिए रिलायंस इंडस्ट्री के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर आकाश अंबानी अयोध्या पहुंचे। लखनऊ वानखेड़े स्टेडियम में आईपीएल मैच देखने के लिए आए आकाश अंबानी ने सबसे पहले रामलला के दर्शन किए। वह अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर चार्टर प्लेन से पहुंचे। प्रोटोकॉल के तहत आकाश अंबानी ने रामलला का दर्शन किया। इसके बाद लखनऊ के लिए रवाना हो गए।

# बेटी के साथ आज पहली बार आएंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू



राष्ट्रपति के मंदिर जाने वाले 11 नंबर गेट को भव्य तरीके से सजाया गया है।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** पहली बार अयोध्या आ रही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का स्वागत और भ्रमण शाही अंदाज में कराए जाने की तैयारी है। वह बुधवार शाम 4:10 बजे बेटी के साथ महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचेगीं। वहां से वीवीआईपी फ्लीट से अयोध्या धाम के लिए रवाना होंगी। एयरपोर्ट से अयोध्या धाम पहुंचने के मार्ग को जोन व सेक्टरों में बांट मजिस्ट्रेट और पुलिस अफसरों को तैनाती की गई है। एयरपोर्ट पर स्वागत करने वालों की सूची तैयार की गई है। साथ ही वीवीआईपी फ्लीट के साथ ग्रीन रूम और सेफ हाउस तैयार किए जा रहे हैं। खानपान और दूसरी व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जा रहा है। दौरे के समय शासन-प्रशासन के अफसर भी ड्रेस कोड में नजर आएंगे।

यह उनकी धार्मिक यात्रा है, लेकिन मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल के हिसाब से ही उनका स्वागत और भ्रमण कराया जाएगा। स्वागत के लिए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल यहां पहुंचेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भी रहने की उम्मीद है। सूत्रों की मानें तो राष्ट्रपति एयरपोर्ट गेट से शांति चौक होते हुए महोबरा अंडर पास से चूड़ामणि चौराहा और इसके बाद यहां से लगड़बीर ओवरब्रिज से क्रासिंग नंबर 11, श्रृंगार हाट तिराहा से हनुमानगढ़ी मंदिर, पंहुचेंगी। हनुमानगढ़ी से फिर वह लता मंगेशकर चौक से होते हुए सरयू आरती स्थल पहुंचेगी। वहां से सरयू अतिथि गृह जा सकती हैं। जिला प्रशासन ने पूरे मार्ग को दो जोन और सात सेक्टरों में बांट जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस के अफसर तैनात कर दिया है। डीएम नितीश कुमार ने एयरपोर्ट से फ्लीट तक और कार्यक्रम स्थलों पर तीन स्टेटिक मजिस्ट्रेटों के साथ कुल 73 मजिस्ट्रेट तैनात किए हैं।

**सबसे पहले हनुमानगढ़ी जाएंगी राष्ट्रपति**

राष्ट्रपति अयोध्या धाम में लगभग चार घंटे बिताएंगी। वह एयरपोर्ट से सड़क मार्ग से सीधे पौने पांच बजे हनुमानगढ़ी पहुंचेगी। यहां दर्शन और आरती के बाद लगभग सवा पांच बजे नया घाट सरयू आरती स्थल पहुंचेगी। 40 मिनट सरयू पूजन व आरती के बाद लगभग साढ़े छह बजे वह भगवान राम लला के मंदिर पहुंचेंगी। यहां आधे घंटे दर्शन पूजन और आरती में बिताएंगी। इसके 7:15 कुबेर टीला पहुंचेगी। वहां दर्शन-पूजन के बाद राममंदिर से होते हुए एयरपोर्ट के लिए निकलेंगी। आठ बजकर पांच मिनट पर वह दिल्ली के लिए निकलेंगी।

सुझाव

**अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुज कुमार झा ने सम्भावित भीषण गर्मी/लू से बचाव की दी जानकारी**

# भीषण गर्मी व लू से खुद को बचाएं, ज्यादा से ज्यादा करें मतदान

**सीतापुर, अमृत विचार।** अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुज कुमार झा ने लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दौरान सम्भावित भीषण गर्मी/लू के दृष्टिगत क्या करें/क्या न करें की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्रीष्म ऋतु में भीषण गर्मी/लू/हीट वेव के कारण मतदाताओं को स्वास्थ्यजनित समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। आवश्यक है कि इनसे बचते हुए अधिकाधिक संख्या में मतदेय स्थलों पर पहुँचकर मतदान करने के लिए मतदान दलों एवं मतदाताओं के मध्य निम्नलिखित सावधानियों के बारे में जागरुकता सुनिश्चित किया जाए।

**क्या करें/क्या न करें**

मतदान दिवस 19 अप्रैल से एक जून 2024 तक तय किए गए हैं। इन दिवसों पर भीषण गर्मी की सम्भावना है। पोलिंग पार्टी प्रस्थान एवं मतदान दिवसों पर सभी मतदान कार्मिक हल्के सूती वस्त्रों का प्रयोग करें एवं अपने साथ तेज धूप से बचाव के लिए छाता एवं सर को ढकने के लिए सफेद सूती गमछा या अन्य कोई कपड़ा रखें। पैरों में आरामदायक जूते या चप्पल पहनें। अपने साथ पीने योग्य शीतल जल का बोतल रखें, समय-समय पर आवश्यकतानुसार सादा जल, नींबू पानी या ओआरएस का प्रयोग कर अपने आपको तरोताजा रखें। तेज धूप से बचने के लिए अन्य प्रोटेक्टिव गेयर जैसे टोपी, हैट, काला चश्मा, छाता आदि का प्रयोग करें। अत्यधिक चाय, कॉफी या कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक का सेवन न करें, इनसे शरीर में पानी की मात्रा कम होने की संभावना रहती है। बासी भोजन से बचें, हल्के एवं ताजे बने भोजन लें।

प्रत्येक मतदान दल को फस्ट-एड किट प्रदान की जाएगी, आवश्यकतानुसार उसमें उपलब्ध ओआरएस मतदान दल के कर्मियों अथवा जरूरतमंद मतदाताओं को मानक के अनुसार जल में घोलकर पिला दें। प्रत्येक मतदेय स्थल पर न्यूनतम 5ड×5ड क्षेत्रफल के छाया की व्यवस्था करा दें तथा वहां पर्याप्त सं० में कुर्सी, दरी आदि रखवा दें ताकि तेज धूप से बचने के लिए मतदाता अपनी बारी आने तक छाया में इंतजार कर सकें। छाया की व्यवस्था इस प्रकार करें कि मतदेय स्थलों के ठीक सामने लगने वाली कतार छाया में ही स्थित हो। बुजुर्गों, महिलाओं जिनके साथ छोटे बच्चे हों तथा निःशक्त व्यक्तियों के लिए मतदान में प्राथमिकता दी जाए। ऐसे मतदाताओं के लिए प्रत्येक 4-5 मतदाताओं के उपरान्त कुर्सी की व्यवस्था भी कतार के बगल में रखी जाए ताकि उन्हें अधिक असुविधा का सामना न करना पड़े। मतदान केन्द्र पर हर हाल में पेयजल की उपलब्धता रहे, यथासंभव कतारबद्ध वरिष्ठ नागरिकों, निःशक्तजनों आदि के लिए स्वयंसेवियों के माध्यम से लगातार पानी पिलाने की व्यवस्था भी की जाए।

स्वयंसेवी के रूप में किसी राजनैतिक व्यक्ति/कार्यकर्ता/उम्मीदवार से संबद्ध व्यक्ति को कदापि अनुमन्य न किया जाए। मतदाताओं से अपेक्षा है कि मतदान दिवस को सुबह तेज धूप निकलने से पहले अधिक संख्या में मतदेय स्थलों पर कतारबद्ध होकर मतदान करें। यदि किसी कारण से धूप के समय मतदान करना पड़ता है तो अपनी सुरक्षा के लिए सर को ढकने हेतु सूती गमछा/वस्त्र तथा छाते का प्रयोग करें। पीने का पानी आवश्यकतानुसार साथ रख सकते हैं। जरूरत होने पर मतदान दल के पास उपलब्ध ओआरएस का घोल बनाकर पीने से तुरन्त राहत प्राप्त कर सकते हैं। हीट स्ट्रोक के सम्बन्ध में डूज एण्ड डोन्ट का हैण्ड बिल तैयार कराकर सभी मतदान कार्मिकों को उपलब्ध करा दिया जाए। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ एक पैरा मेडिकल स्टाफ भी रखने का प्रयास किया जाए जो आवश्यक दवायें साथ रखे। मतदेय स्थल पर आते समय अपनी मतदाता पर्ची, फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र अथवा अन्य वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्र अवश्य साथ में लाएं।

